श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 202, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 21 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'सरकार पशु संवर्धन व संरक्षण के लिए प्रयासरत'

## समाज के सहयोग से ही सफल होगा निराश्रित गो-वंश संरक्षण का प्रयास: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में निराश्रित गो-आश्रय स्थलों के प्रबन्धन और प्रदेश में दुग्ध उत्पादन/संग्रह की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पशु संवर्धन व संरक्षण के लिए सेवाभाव के साथ सतत प्रयासरत है। गोवंश पालकों सहित सभी पशुपालकों के प्रोत्साहन के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पात्र लोगों को इसका लाभ मिलना सुनिश्चित कराया जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि निराश्रित गोवंश संरक्षण की दिशा में सतत प्रयासों के संतोषप्रद परिणाम मिल रहे हैं। वर्तमान में 6,889 निराश्रित गो-आश्रय स्थलों में 11.89 लाख गोवंश संरक्षित हैं। छोटे-छोटे निराश्रित गोवंश स्थलों के स्थान पर बड़े गोवंश स्थल उपयोगी हो सकते हैं। हमें नस्ल सुधार व गोबरधन प्लाण्ट जैसे कार्यक्रमों को बढ़ाने की जरूरत है। सीएम ने कहा कि विकास खण्ड तथा जनपद स्तर ार स्थापित वृहद गो-आश्रय स्थल इस कार्य के लिए उपयोगी हो सकते हैं। इन्हें नियोजित रूप से प्रोत्साहित करें। हर विकास खण्ड व जनपद स्तर पर 4000-5000 गोवंश क्षमता के वृहद गो-आश्रय स्थल के लिए स्थान चिन्हित किया जाए।



प्रत्येक निराश्रित गो-आश्रय स्थलों पर केयर टेकर की तैनाती जरूर हो। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि निराश्रित गोवंश संरक्षण का कार्य समाज के सहयोग के बिना कभी पूर्ण नहीं हो सकता है। निराश्रित गोवंश के संरक्षण में आम जन को सहयोग के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए। गाय हमारी संस्कृति में पूजनीय है। बड़ी संख्या में लोग स्थानाभाव के कारण गो-सेवा नहीं कर पाते हैं। ऐसे परिवारों से एक निश्चित आर्थिक सहयोग लेकर उनके द्वारा चिन्हित गोवंश की निराश्रित गो-आश्रय स्थल पर सेवा की जानी चाहिए। यदि गाय दूध दे रही है तो उसका उपयोग भी सम्बन्धित परिवार को करने की अनुमति दी जाए। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित विभाग द्वारा स्पष्ट नीति तैयार की जाए।

### मुख्यमंत्री ने अयोध्या में संचालित अवस्थापना विकास परियोजनाओं की समीक्षा की

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में अयोध्या में संचालित अवस्थापना विकास सम्बन्धी परियोजनाओं की समीक्षा की तथा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के सुरक्षा प्रबन्धन की कार्ययोजना के सम्बन्ध में विचार-विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया की दृष्टि अयोध्या की ओर है। हर आस्थावान अयोध्या आने को आतुर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के



मार्गदर्शन में धर्मनगरी अयोध्या का विकास त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप किया जा रहा है। अयोध्या में पुरातन संस्कृति, सभ्यता के संरक्षण के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों को देखते हुए आधुनिक पैमाने पर सभी नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अतिशीघ्र अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का लोकार्पण होना है। प्रधानमंत्री की भावनाओं के अनुरूप अयोध्या के समग्र विकास की हर परियोजना शासन की प्राथमिकता है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के लोकार्पण से पूर्व अवधपुरी को सजाया जाए। मठ-मंदिरों की रंगाई-पुताई कराई जाए। पूरे शहर में एक समान थीम पर फसाड लाइटिंग कराई जाए। नगर की गलियों-भीतरी सड़कों को बेहतर किया जाए। नगर में कहीं भी जलभराव न हो और नालियां ढकी हुई हों।

### निराश्रित गो-आश्रय स्थलों में अतिरिक्त शेड का निर्माण कराया जाए: सीएम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि निराश्रित गो-आश्रय स्थलों में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त शेड का निर्माण कराया जाए। गो-आश्रय स्थल में नन्दी के लिए पृथक व्यवस्था होनी चाहिए। गोवंश का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी होना चाहिए। निराश्रित गो आश्रय स्थलों में गोवंश के भरण-पोषण की अच्छी व्यवस्था रहे। इसके लिये मॉनीटरिंग की आवश्यकता है। भूसा, हरा चारा, चोकर आदि की व्यवस्था समय से कर ली जानी चाहिए। सरकार की ओर से गो-आश्रय स्थलों को पर्याप्त धनराशि दी जा रही है। इस धनराशि का समुचित उपयोग हो। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि निराश्रित गो-आश्रय स्थलों में व्यवस्था के निरीक्षण के लिए हर जनपद में नोडल अधिकारी तैनात किया जाए। ब्लॉक स्तर पर पशु चिकित्साधिकारी की जिम्मेदारी हो। जनपद स्तर पर व्यवस्था की साप्ताहिक समीक्षा करते हुए शासन को मासिक रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

विधिवत सत्यापन के साथ ही निराश्रित गो-आश्रय स्थलों के लिए धनराशि आवंटित कर दी जाए। पशुपालन, ग्राम्य विकास, पंचायती राज व नगर विकास विभाग अंतर्विभागीय समन्वय के साथ गो-आश्रय स्थलों में अच्छी तथा सुदृढ़ व्यवस्था के लिए कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के अभियान के अच्छे परिणाम मिले हैं। अब तक 29 जिलों में 2,536 हेक्टेयर भूमि कब्जा मुक्त कराई गई है। राजस्व विभाग के साथ समन्वय बनाते हुए पशुपालन विभाग द्वारा यहां नेपियर घास, सहजन, सुबबूल आदि की बुआई कराई जाए। इस भूमि की जियो टैगिंग भी कराई जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी दशा में मृत पशुओं को नदियों में प्रवाहित न किया जाए। हमें इसके लिए लोगों को व्यवस्था देनी होगी। सभी नगर निगमों में पशुओं/जानवरों की अंत्येष्टि के लिए इलेक्ट्रिक शवदाहगृह का निर्माण कराया जाए। चरणबद्ध रूप से इसे अन्य नगरीय निकायों में स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोवंश संरक्षण के लिए संचालित मुख्यमंत्री निराश्रित/बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के आशातीत परिणाम मिले हैं। अब तक 01 लाख 85 हजार से अधिक गोवंश इस योजना के तहत आमजन को सुपुर्द किए गए हैं।

### उत्तराखंड: गंगोत्री हाइवे पर गुजरात की बस खाई में गिरी, 07 यात्रियों की मौत

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड में गंगोत्री दर्शन कर लौट रही गुजरात के यात्रियों से भरी बस आज दोपहर बाद गंगनानी के पास अनियंत्रित होकर के गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में 07 यात्रियों की मौत हो गयी जबकि 27 यात्री घायल हो गए। इन सभी को रेस्क्यू कर चिकित्सालयों में भेजा गया है। बस में लगभग 33 यात्रियों और बस स्टाफ सहित कुल 35 लोग सवार बताए गए हैं। अभी सभी की शिनाख्त नहीं हो सकी है। लापता हुए कुछ लोगों को खोजने के लिए अभी रेस्क्यू कार्य जारी है। प्रदेश सरकार की ओर से गंगोत्री राज्य मार्ग उत्तरकाशी बस दुर्घटना को लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री से उत्तरकाशी जा रही बस के गंगनानी में दुर्घटना को दुखद बताते हुए प्रशासन को त्वरित राहत बचाव के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने इस घटना में कुछ लोगों के हताहत होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार बताया। उन्होंने प्रशासन को त्वरित रूप से राहत और बचाव कार्य संचालित करने और घायलों के उपचार के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्माओं को श्रीचरणों में स्थान और शोकाकुल परिजनों को यह कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। सभी घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। राज्यपाल ने इस दुर्घटना में घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

### दिवंगत पत्रकार विमल कुमार हत्याकांड के खिलाफ कैंडल मार्च

**अररिया।** अररिया के रानीगंज के एक अखबार के पत्रकार विमल कुमार यादव हत्याकांड के खिलाफ रविवार की शाम को फारबिसगंज में जिला पत्रकार संघ के बैनरतले कैंडल मार्च निकाला गया।जिसमे भारी संख्या में पत्रकार सहित सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## बीस वर्षों में भाजपा सरकार ने मध्य प्रदेश को बनाया बेमिसाल राज्य: अमित शाह

**भोपाल। केंद्रीय** गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि 1956 में मध्य प्रदेश के गठन के बाद से 2003 तक ज्यादातर समय कांग्रेस की ही सरकारें रही हैं। इन सरकारों ने प्रदेश को बीमारू राज्य बना दिया। इसका मतलब था मध्य प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल था, जो देश के विकास में बाधक थे। 2003 में प्रदेश में उमा भारती के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। बाद में बाबूलाल गौर और शिवराजसिंह चौहान ने उस सरकार का नेतृत्व




किया। भाजपा की सरकार ने प्रदेश को 20 सालों में बीमारू से बेमिसाल राज्य बनाया, बंटाढार से बुलंदियों पर पहुंचाया, पिछड़े से अग्रणी बनाया, समृद्ध और खुशहाल राज्य बनाया। केंद्रीय मंत्री शाह ने यह बातें रविवार को भोपाल में भाजपा सरकार के 20 वर्षों के गरीब कल्याण रिपोर्ट कॉर्ड को जारी करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मि. बंटाढार और कमलनाथ इस बात का जवाब दें कि 53 सालों में उनकी सरकारों ने प्रदेश के लिए क्या किया? क्यों प्रदेश की जनता के साथ अन्याय किया? क्यों मध्य प्रदेश का काफिला लूटा? शाह ने कहा कि 2003 से पहले मध्य प्रदेश बीमारू राज्य हुआ करता था। 2003 में आई भाजपा की सरकार ने प्रदेश को बीमारू राज्य के कलंक से मुक्ति दिलाई।

## वर्तमान में राजीव गांधी का शांति, सद्भाव और एकता का संदेश अधिक प्रासंगिक: सोनिया गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रविवार को कहा कि देश में नफरत और कट्टरता को बढ़ावा देने वाली शक्तियों को सत्ता का समर्थन है। ऐसे समय में राजीव गांधी का शांति, सद्भाव और एकता का संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर दिल्ली के जवाहर भवन में 25वें राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। इस बार का पुरस्कार बनस्थली विद्यापीठ को दिया गया है। सोनिया ने कहा कि राजीव गांधी का राजनीतिक जीवन क्रूर तरीके से



समाप्त किया गया था। इससे पहले ही उन्होंने अपने अल्प राजनीतिक जीवन में अनगिनत उपलब्धियां हासिल की थीं। आज ग्रामीण और शहरी निकायों में 15 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि हैं। यह राजीव गांधी की कड़ी मेहनत और दूरदर्शिता के कारण ही संभव है। पूर्व प्रधानमंत्री ने हमेशा हमारे देश में महिलाओं को मजबूत करने के लिए काम किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि पंचायतों और नगर निगमों में महिलाओं के लिए आरक्षण प्रदान किया जाए। देश सेवा के लिए मिले कम समय में भी राजीव गांधी जी ने अनगिनत उपलब्धियां हासिल की थीं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राजीव गांधी की सफलता ज्यादा दिनों तक छुपी नहीं रह सकती। आज विभिन्न विचारधाराओं के कई लोग राजीव गांधी की उपलब्धियों को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

## चलने योग्य सड़क के लिए जितिन प्रसाद का मंथन

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश में सड़कों की मरम्मत के लिए धनराशि अवमुक्त होनी शुरू हो गयी है। सड़कों की मरम्मत के लिए गाइडलाइन भी जारी हुई है। बावजूद प्रदेशवासी को चलने योग्य सड़क नहीं मिल पा रही है। इस पर लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद एक बार पुनः चिंतित है और अपने भरोसेमंद अधिकारियों के साथ मंथन कर रहे हैं। लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद को आये दिन मिलने आने वाले जनप्रतिनिधि और भाजपा के कार्यकर्ता चलने योग्य सड़कों की मांग करते हैं। ये कार्यकर्ता अपने क्षेत्र की मरम्मत मांग रही सड़कों की फोटो भी मंत्री को दिखाते हैं। सड़कों के लिए गुणवत्ता की बात करते हुए जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की सड़क को चलने योग्य बनाने के लिए आवदेन प्रपत्र भी सौंपते हैं। गत दिनों भाजपा के कार्यकर्ता, नेताओं की मांग पर जितिन प्रसाद ने सड़कों की मरम्मत के लिए अपने अधिकारियों से चर्चा की।

## वंदे भारत ट्रेन में रेलवे ने किया बड़ा बदलाव

### जल्द ही नए रंग रूप में दिखेगी ये सेमीहाईस्पीड ट्रेन

**नई दिल्लीः** भारत की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत जल्द ही आपको नए रंग-रूप में दिखाई देगी। भारतीय रेलवे ने अब तक 32 वंदे भारत ट्रेनें बनाई हैं। इन सभी ट्रेनों को रंग सफेद और नीला है। लेकिन 33 वीं वंदे भारत ट्रेन में भारतीय रेलवे ने बड़ा बदलाव किया है। रेलवे की चेन्नई स्थित



इंटीग्रल कोच फैक्ट्री द्वारा बनाई गई 33 वीं नई 8 कोच वाली वंदे भारत एक्सप्रेस नारंगी और भूरे रंग की है। भारतीय रेलवे ने इस शनिवार को क्ळ्रऋ से पाडी रेलवे फ्लाईओवर तक इस ट्रेन को ट्रैक पर चला कर इसका ट्रायल किया। इस ट्रेन में आधुनिक वंदे भारत ट्रेनों जैसी सभी सुविधाएं हैं। भारतीय रेलवे की ओर से नारंगी और भूरे रंग के साथ बनाई गई ये पहली वंदे भारत ट्रेन है। क्ळ्रऋ के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक इस ट्रेन को किस रूट पर चलाया जाएगा इस पर अब तक फैसला नहीं हुआ है। रेलवे बोर्ड जल्द ही इस बारे में ऐलान करेगा। वंदे भारत ट्रेन पूरी तरह से देश में बनाई गई सेमी हाई स्पीड ट्रेन है।

## गलत बयान बाजी कर गरीबों के बीच भ्रम फैलाना बंद करे बिहार सरकार : गिरिराज सिंह

**बेगूसरायः** केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह बिहार सरकार द्वारा मनरेगा में 11 सौ करोड़ बकाया रहने के आरोप का खंडन किया है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि बिहार की सरकार बौखलाहट में है और गरीबों में भेद पैदा कर रही है, सरकार भ्रम फैलाना बंद करे। बताते चलें कि शनिवार को बेगूसराय में आयोजित प्रेसवार्ता में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा था कि केंद्र सरकार के यहां मनरेगा के मटेरियल मद में 11 सौ करोड़ बकाया है। सरकार 23 जून से मजदूरों का मजदूरी भी नहीं दे रही है। इसके बाद आज गिरिराज सिंह ने उस आरोप का जोरदार खंडन किया है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि केंद्र के पास मनरेगा के मजदूरों का एक भी रुपया बकाया नहीं है। मटेरियल मद में भी 11 सौ करोड़ नहीं, सिर्फ 67 करोड़ बाकी है।

## हिंसा: मणिपुर पुलिस ने 20 केस सीबीआई को सौंपे

### 7 साल के बच्चे को मां-आंटी समेत जलाया; मैतेई महिला का कुकी नेताओं पर रेप का आरोप

**इंफालः** मणिपुर पुलिस ने 20 केस सीबीआई को सौंपे हैं। इनमें दो मामले प्रमुख हैं, पहला- 7 साल के बच्चे को उसकी मां और आंटी समेत एंबुलेंस में जला दिया




गया था। दूसरा- एक मैतेई महिला ने आरोप लगाया था कि 3 मई को कुकी नेताओं ने उसके साथ रेप किया था।

**एक मामले की दो अलग-अलग एफआईआरः** तोन्शिंग हेंगसिंग (7) को उसकी मां मीना हेंगसिंग और आंटी लीडिया लॉरेनबाम इंफाल के अस्पताल ले जा रही थीं। तोन्शिंग को सिर में गोली लगी थी। बच्चे की मां मैतेई थी और पिता कुकी है। वेस्ट इंफाल में 4 जून को भीड़ ने उनकी एंबुलेंस को आग लगा दी, जबकि सुरक्षा में पुलिस चल रही थी। इस मामले में सीबीआई को दो एफआईआर सौंपी गई हैं। लाम्फेल में एक एफआईआर पुलिस की तरफ से कराई गई, दूसरी कांगपोकपी में बच्चे के पिता जोशुआ हेंगसिंग ने दर्ज कराई। लाम्फेल की एफआईआर में हत्या की धारा लगाई गई, जबकि कांगपोकपी की एफआईआर में गैर इरादतन हत्या करने बात लिखी गई, जो मर्डर की श्रेणी में नहीं आता।

**कांगपोकपी में दो दिन से महिलाओं का प्रदर्शनः** मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार (18 अगस्त) को थोवाई कुकी गांव पर हमला हुआ था, जिसमें कुकी समुदाय के 3 लोगों की हत्या कर दी गई थी। इस हमले के विरोध में कांगपोकपी में दो दिन से महिलाओं का प्रदर्शन जारी है। ये महिलाएं एनएच-2 पर पोस्टर लेकर बैठी हैं।

## नूंह हिंसा: हाई सिक्योरिटी बैरक में रखा गया है बिट्टू बजरंगी, कैमरे से रखी जा रही नजर

**फरीदाबादः** नूंह हिंसा मामले में फरीदाबाद से गिरफ्तार राजकुमार उर्फ बिट्टू बजरंगी को नीमका जेल में अति सुरक्षित बैरक में रखा गया है। जेल अधिकारी व कर्मी उस पर सीसीटीवी कैमरे की मदद से 24 घंटे नजर रख रहे हैं। बिट्टू से मिलने वालों की संख्या भी सीमित की गई है। गौरतलब है कि नूंह के अतरिक्त पुलिस अधीक्षक उषा की शिकायत पर सदर नूंह थाना में बिट्टू बजरंगी व उसके करीब 20 सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। बिट्टू पर आरोप है कि उसने एक महिला पुलिस अधिकारी के सामने हथियारों को प्रदर्शन किया। साथ ही सरकारी



कार्य में बाधा डाली।

**पूछताछ में बिट्टू ने खोले कई राजः** 5 अगस्त को नूंह की तावडू क्राइम ब्रांच व साइबर थाना की संयुक्त टीम ने बिट्टू बजरंगी को फरीदाबाद के पवतीर्या कॉलोनी से गिरफ्तार किया था। उसे 16 अगस्त को अदालत में पेशकर पूछताछ के लिए एक दिन की रिमांड पर लिया था। पूछताछ में बिट्टू ने कई राज खोले। अपने बारे में भी बताया। सूत्रों की मानें बिट्टू की निशानदेही पर पुलिस ने आठ तलवारें भी बरामद की। बिट्टू ने पूछताछ में बताया कि उससे गलती हो गई। पूछताछ पूरी होने के बाद 17 अगस्त को उसे अदालत में पेशकर, 14 दिन की न्यायिक हिरासत में नीमका जेल भेज दिया गया। पुलिस उसके सहयोगियों की भी तलाश में है।

# मेजा सड़क हादसे में महिला की मौत, दो नाजुक

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मांडा थाना क्षेत्र के दोहथा गांव के समीप अनियंत्रित होकर बाइक चालक ने पैदल घर जा रही तीन महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दिया। हादसा इतना भयावह रहा कि तीनों महिलाएं गम्भीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने तीनों महिलाओं को नजदीकी अस्पताल भेजा,लेकिन एक महिला की मौत हो गई।जबकि अन्य दो को नाजुक दशा में शहर इलाज के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुँचते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।मिली जानकारी के मुताबिक, मांडा थाना क्षेत्र के दोहथा गांव की सरोजा देवी (41), इंद्रावती देवी (44) व प्रेमा देवी (38) शनिवार रात जंगल से पैदल घर लौट रही थी। पीछे से तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर बाइक चालक ने तीनों को जोरदार टक्कर मार दिया। इससे तीनो महिलाएं बुरी तरह घायल हो गई। जबकि टक्कर मारने के बाद वाहन चालक भाग निकला। वहीं राहगीरों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने तीनों महिलाओं को नजदीकी अस्पताल इलाज के लिए दाखिल कराया और परिजनों को जानकारी दी। लेकिन तीनो महिलाओं की हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए भेज दिया। जहम रात में सरोजा देवी की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर पहुचे और पुलिस को रविवार सुबह सूचना दी। उक्त सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे के लेकर पंचनामा की कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया। रविवार शाम मृतका का शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुचां तो परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। मृतका के पति सूर्य लाल ने कार्यवाही के लिए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया। उक्त प्रकरण में मांडा थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामकेवल यादव ने कहा कि मृतका के पति की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर लिया गया है। इसकी जांच की जा रही है। जल्द ही कार्यवाही की जाएगी।

## बोलोरो -विक्रम में जोरदार टक्कर 5 घायल 2 गंभीर, रेफर

### मऊआइमा के बेलखरिया का पूरा जोगीपुर मोड पर हुआ भीषण हादसा

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा के बेलखरिया के पूरा जोगीपुर मोड पर विक्रम और बोलोरो में जोरदार टक्कर से पांच जख्मी हो गए । दो की हालत नाजुक होने पर एस आर एन में भर्ती कराया गया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलखरिया के पूरा में एक कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने काफी लोग आए थे।बताया गया है कि जब कार्यक्रम खत्म हो गया तो सभी लोग विक्रम पर बैठ गए। थोडी दूर विक्रम चली थी कि जोगीपुर बेलखरिया का पूरा मोड पर सामने से आ रही तेजरफ्तार से बोलोरो ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे विक्रम में बैठे सभी बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर मौके इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार कुशवाहा, सब इंस्पेक्टर संजय मौर्या अन्य पुलिस कर्मी मौके






पर पहुंच कर घायलों को उपचार के लिए भेजा। इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेंद्र कुमार कुशवाहा ने बताया कि गुड्डू 32वर्ष पुत्र खिन्नी लाल, राजेश कुमार 50 वर्ष पुत्र मेवा लाल, को मऊआइमा सामुदायिक केन्द्र प्राथमिक उपचार के बाद एस आर एन में भर्ती कराया गया है।जहां दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। जबकि ननकू लाल 42 पुत्र मिठठू लाल, राधेश्याम 50.वर्ष पुत्र अज्ञात, लम्बू 42 वर्ष पुत्र अज्ञात को सोरांव के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी लोग जल्लोपुर सेवाइथ सोरांव के रहने वाले हैं।

## ऑटो की टक्कर से महिला की हुंई दर्दनाक मौत

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** क्षेत्र के चिलबिला बाजार में तेज रफ्तार में जा रही अनियंत्रित ऑटो की जोरदार टक्कर से महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसकी भतीजी गम्भीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगो ने चालक समेत ऑटो पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने अहव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया है।मेजा रोड प्रयागराज थाना क्षेत्र के चिलबिला गांव निवासी विजय शंकर यादव की पत्नी सुमन देवी (42) रविवार की सुबह आठ बजे के आसपास अपनी भतीजी शिखा यादव के साथ खेत मे कार्य के लिए जा रही थी। घर से थोड़ी दूर प्रयागराज मिजार्पुर राजमार्ग पर चिलबिला बाजार में तेज रफ्तार ऑटो ने अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दिया। इसमें सुमन की मौत पर ही मौत हो गई,जबकि भतीजी शिखा गम्भीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने भाग रही ऑटो समेत चालक को दौड़ाकर पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दीं। उधर घटना की सूचना रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पहुचें। परिजनों ने घायल भतीजी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। वहीं घटना की सूचना पर दिदिया चौकी प्रभारी आशीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया है। ऑटो सहित चालक पुलिस के कब्जे में है। उधर मृतका के पति विजय शंकर की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है घटना को लेकर मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

# क्षेत्र के प्रमुख चौराहों व प्रतिष्ठानों में लगवाएं सीसीटीवी कैमरा : एसीपी

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** चोरी, छिनैती एवं अपराध की घटना पर रोकथाम के लिए क्षेत्र के हर चौराहों, प्रतिष्ठानों व दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने को मेजा कोतवाली में व्यापारियों, समाजसेवियों व संभ्रांत व्यक्तियों की बैठक हुई। लोगों के सहयोग से कैमरा लगाने के लिए रविवार को थाना मेजा कोतवाली में आमलोगों की बैठक हुई।बैठक में मुख्य रूप से सहायक पुलिस आयुक्त मेजा विमल किशोर मिश्र ने कहा कि क्षेत्र के हर मुहल्ले में विशेषकर सार्वजनिक स्थान के आसपास लोग अपने घरों सहित सड़कों की ओर सीसीटीवी कैमरा लगाने से असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सकेगी। क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए घरों में सीसीटीवी कैमरा लगाना जरूरी है। इससे जहां घर भी सुरक्षित रहेगा और सड़क पर आवारागर्दी करने वालों की भी पहचान हो पाएगी। बैठक में थानाध्यक्ष मेजा राजेश उपाध्याय ने कहा कि लोगों द्वारा अपने स्तर से बैठक कर कुछ घरों को मिलाकर ही सही आपस के सहयोग से सीसीटीवी कैमरा लगाएं। क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर असामाजिक तत्वों की आवाजाही की सूचना भी पुलिस को दें। जिससे समय रहते पुलिस उसके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई कर सकें। इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष व प्रधान सोरांव राजेश द्विवेदी सहित क्षेत्र के कई प्रधान, व्यापारी, समाजसेवी, संभ्रांत व्यक्ति व थाने के सभी उपनिरीक्षक व सिपाही मौजूद रहे।

## ई रिक्शा का बैटरा चार्जर चोरी, भुक्तभोगी ने थाने में दी तहरीर

**मऊआइमा।** मऊआइमा के मऊ दोस्त पुर मे ई रिक्शा चालक चार्ज में लगा कर सो गया। चोरों ने ई रिक्शा का चार बैटरा और चार्जर लगभग चालिस हजार कीमत का अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। चालक ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के माऊ दोस्त पुर लूटमार चौराहा निवासी मोहम्मद माशूक पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद उसमान ई रिक्शा चालक है। बताया गया है कि बीती रात ई रिक्शा चार्ज में लगा कर सो गया। जब सो कर उठा तो देखा तो चार बैटरा और चार्जर जिसकी कीमत चालिस हजार बताया गया है अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। मोहम्मद माशूक ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

## मऊआइमा की गद्दी संभालने वाली मालकिन किन्नर डेढ कुंटल लड्डू करेगी वितरित

**मऊआइमा।** मऊआइमा की गद्दी संभालने वाली मालकिन किन्नर मुस्कान कांवरियों के जुलूस में शामिल होने वालों को थाना पडाव चौराहे पर डेढ कुंटल लड्डू का वितरण सोमवार को करेंगी।

## युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**अखंड भारत संदेश**

**जारी।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नौगांव के मजरा सलैया में पिता राजमणि यादव, माता सोना देवी की 17 वर्षीय वर्षीय पुत्री प्रियंका यादव जो क्षेत्र के शकुंतला देवी इंटर कॉलेज में कक्षा 11 की छात्रा थी। मिली जानकारी के अनुसार 11 जुलाई को घर से रिजल्ट लेने विद्यालय के लिए निकली थी लेकिन वापस नहीं गई। 12 जुलाई को गुमशुदी कौंधियारा थाने में दर्ज की गई। 17 जुलाई को बरेली से लड़की को अभिभावकों के साथ पुलिस ले आई। लड़की के पिता ने गोलू यादव, अरुण पटेल, कुंदन यादव एवं शोएब अंसारी को नामजद कर तस्वीर दी। स्वजनों ने प्रभारी निरीक्षक, हल्का दरोगा एवं एक महिला पुलिस पर डरा धमका कर मामले को रफा-दफा करने का आरोप लगाया है। 9 अगस्त को पिता ने पुनः शिकायती पत्र देकर जांच की मांग की। 15 अगस्त को दादा चिंतामणि यादव ने 1076 पर भी शिकायत दर्ज कराई। 20 अगस्त को युवती ने कमरे के अंदर आत्महत्या की।

## न्यूज झरोखा

### कांवर जुलूस को लेकर थाने में पीस कमेटी की हुई बैठक




**मऊआइमा।** सोमवार को मऊआइमा में एक भाव्य कांवर यात्रा का आयोजन आर एस एस कार्यवाह के नेतृत्व में निकलेगा। इसी के मद्देनजर रविवार को सुबह थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक की गई। मऊआइमा थाना क्षेत्र के चौहान का पूरा से लेकर नगर पंचायत मऊआइमा के तीन बत्ती, सदरबाजार, नाटी इमली, चुनौंटा कुआं, पूरे मियां जी ,थाना पडाव चौराहा, मरखामऊ होते हुए कांवरियों का जुलूस आर एस एस मऊआइमा खंड कार्यवाह दिनेश मौर्या के नेतृत्व बांकाजलालपुर में जा कर समाप्त होगा। जिसमें बताया गया है कि लगभग हजारों लोग शामिल होंगें। इसी जुलूस को देखते हुए रविवार को सुबह पीस कमेटी की बैठक मऊआइमा थाना परिसर में आयोजित की गई। जिसमें कांवर को अमन चैन ,सौहार्द से ले जाने की अपील की गई।कांवर में किसी भी प्रकार का भडकाऊ,आपत्तिजनक बाजा,न बजाने एंव अस्त्र शस्त्र न ले जाने की बात कहते हुए मन्दिर, मस्जिद के सामने धीमी आवाज में बजाने की अपील की गई।पीस कमेटी में शामिल होने वालों का मोबाइल नंबर नोट किया गया। बैठक में इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेंद्र कुमार कुशवाहा, कस्बा चौकी प्रभारी संजय मौर्या,दिनेश मौर्या, चेयरमैन शोएब अंसारी, अजय अग्रहरि, ग्राम प्रधान चन्द्रसेन यादव, ऋषि प्रजाति आदि लोग शामिल हुए।

### सपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता के निधन पर पूर्व विधायक ने व्यक्त किया शोक



**मऊआइमा।** समाजवादी पार्टी सोरांव के वरिष्ठ कार्यकर्ता बूथ प्रभारी सधवापुर निवासी रामनरेश यादव उर्फ. ठेकेदार का आज शाम निधन हो गया। उनके निधन की सूचना पाकर पूर्व विधायक सोरांव सत्यवीर मुन्ना ज़िला सचिव सपा सुभाष यादव ब्लॉक अध्यक्ष राम सजीवन यादव पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष शानू गुलाम वारसी ब्रिजेंद्र एडवोकेट श्यामलाल पंडा हिमांशु सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने साधवापुर पहुँचकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया। उनको याद करते हुए सत्यवीर मुन्ना ने कहा कि वह समाजवादी पार्टी के निष्ठावान ईमानदार कार्यकर्ता थे। पूरी समाजवादी पार्टी एवम् सधवापुर व आसपास के ग्रामीणों से उनका सदैव सदभाव था जिसे हमेशा याद किया जाएगा।

### जलाभिषेक के लिए निकला खौर के भक्तों का जत्था



**मेजा।** नागपंचमी के पर्व पर शिवालयों में जलाभिषेक व दर्शन-पूजन को लेकर मेजा के इस खौर गांव के कांवड़ियों का जत्था रविवार को निकला। डीजे की धुन पर कांवड़िए नाचते, थिरकते शिवभक्ति में लीन दिखे। हर- हर, बम- बम, बोलबम के जयकारे से पूरा वातावरण शिवमय बना रहा। बता दें कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार नागपंचमी के पावन पर्व पर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए खौर गांव के शिव भक्त निकल दिए हैं। शिव भक्त रविवार शाम मेजा के पकरी सेवार पगला बाबा आश्रम गंगाघाट पर स्नान कर डीजे की धुन पर नाचते गाते पैदल ही मेजा के भटौती पहाड़ी स्थित श्री सिध्देश्वर नाथ पहाड़ी महादेव पर नागपंचमी को सुबह जलाभिषेक करेंगे। शिव को जलाभिषेक करने वाले भक्तों में इन्द्रदेव यादव, रामसागर यादव, जोधा यादव, भगवान कुशवाहा, श्रीकान्त यादव, दयाराम आदिवासी, मुकेश पिंटू यादव, बऊ प्रजापति, ओमशंकर बबलू, लक्ष्मीकांत प्रजापति सहित सैकड़ों शिव भक्त मौजूद रहे।

### परिवर्तन समाज पार्टी के संस्थापक की पांचवी पुष्पतिथि को लेकर किया गया बैठक



**सिरसा।** मेजा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मांडा में परिवर्तन समाज पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय इंजीनियर रामलाल साहू की पांचवीं पुण्यतिथि आगामी 3 सितंबर को मांडा के गिरधरपुर पेट्रोल टंकी के सामने मनाई जाएगी। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर मांडा में एक बैठक आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथि विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण मणि साहू रहे । श्री साहू ने लोगो से कार्यक्रम में अधिक से अधिक पहुंचने की अपील किया। इस दौरान डॉक्टर लल्लू राम सोनकर को तहसील उपाध्यक्ष, डॉक्टर मलखान सिंह को मांडा ब्लाक संगठन मंत्री, मनोज सोनकर को मांडा ब्लाक मंत्री ,सीताराम केसरी को अध्यक्ष नगर पंचायत भारतगंज मनोनित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से संजय गुप्ता,जितेंद्र गुप्ता,विष्णु गुप्ता,विनोद पाल,शिवशंकर पाल,सलामत अली,शेषमणि विश्वकर्मा ,तेजबहादुर गुप्ता,अंजनी गुप्ता,रामपति, रमेश चंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।




## संविधान को बचाने के लिए एकजुटता जरूरी है : संदीप पटेल

**करछना।** समाजवादी पार्टी विधानसभा करछना के जोन संख्या 3 की सेक्टर, बूथ तथा पार्टी कार्यकताओं की जन पंचायत (चौपाल) श्री अमृत लाल यादव इण्टर कॉलेज करमा में आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजा के विधायक संदीप पटेल ने कहा कि यदि आप लोग सजग नही हुए तो आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा और इस तानाशाह भाजपा सरकार में बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान खतरे में है इसलिए सभी के हक के लिए जातीय जनगणना की पुरजोर मांग की, जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने जोन, सेक्टर एवं बूथ प्रभारियों को आगाह किया कि यदि 2024 में सरकार बनाना है तो तत्काल तैयारियों में जुट जाएं, जिला महासाचिव इंजी. जगदीश यादव, जिला उपाध्यक्ष जयशंकर भारती, महिला सभा की जिला महासचिव गीता पासी, कोषाध्यक्ष केशव प्रसाद विश्वकर्मा, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मंगला प्रसाद पाल, प्रभारी महेंद्र सरोज सहित वरिष्ठ पदाधिकारिओं ने अपने विचार रखे। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष ननकेश बाबू तथा संचालन डॉ. विजय यादव ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जोन प्रभारी अमित राही, कमलेश पुष्कर, अरुण पटेल, प्रमोद गिरी, देव मूरत यादव, जय सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, नीरेंद्र सिंह यादव, सर्वेश, सूरज, डॉ.इलियास, आरिफ सिद्धीकी, गगन पटेल, जगदीश यादव, राजकरन यादव, सुरेश यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. विजय यादव का केक काटकर जन्मदिन की बधाई दी गई।

# प्रतियोगिता ग्रामीण बच्चों में छिपी प्रतिभा को जागृत करने का प्रयास : आचार्य हरिकृष्ण

### खानपुर के श्रीनाथ तिवारी इंटर कालेज में प्रकाशचंद्र जुगामिंदर दास लोकहित ट्रस्ट द्वारा निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा।** मेजा।रविवार को यमुनापार के इंटर कॉलेजों की एक निबंध प्रतियोगिता पंडित श्री नाथ तिवारी इंटर कॉलेज खानपुर में प्रकाश चंद्र जुगमन्दर दास अग्रवाल लोकहित ट्रस्ट के सौजन्य से आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत आचार्य हरे कृष्ण शुक्ला ने फीता काटकर किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह ट्रस्ट ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का कार्य कर रही है जो कि बहुत ही सराहनीय है। ट्रस्ट द्वारा लगातार ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की निबंध प्रतियोगिता कराने से ग्रामीण बच्चों को शिक्षित तथा नैतिक और चारित्रिक विकास होने की संभावना को जागृत करने का प्रयास किया है। उन्होंने ट्रस्ट को बधाई दी।आचार्य ने विद्यालय में प्रतिभाग करने वाले सभी






बच्चों का आवाहन किया कि वह पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें और अगर वह मेडिकल की तैयारी करते हैं तो उसमें मैं उनका पूरा सहयोग करूंगा।निबंध प्रतियोगिता में जमुना पार के इंटर कॉलेज के 125 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रबंधक विजय कुमार तिवारी ने ग्रामीण बच्चों को उत्साहित करने के प्रयास के लिए कार्यक्रम के संयोजक को लोक हित ट्रस्ट को धन्यवाद दिया। प्रधानाचार्य पंकज कुमार तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।अंत में लोकहित ट्रस्ट के ट्रस्टी अनुज कुमार पांडे ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ट्रस्ट द्वारा और भी कार्य किए जाने का भरोसा दिलाते हुए सभी को धन्यवाद दिया।इस मौके पर प्रमुख रूप से कृष्ण प्रकाश तिवारी प्रधानाचार्य,सर्वेश तिवारी प्रधानाचार्य, रहमान प्रधानाचार्य, शिवदत्त द्विवेदी , राजकुमार पांडे, अजय राज शुक्ला, विष्णु दत्त द्विवेदी , नंदकुमार, संतोष पांडे, चिंतामणि मिश्रा, प्रवीण तिवारी, शुभम द्विवेदी, सुरेश निषाद ,वीरेंद्र कुमार, विजय बहादुर पाठक, सत्येंद्र यादव , राजेश द्विवेदी और राम भवन मिश्रा मौजद रहे।

# कांग्रेस जनों ने पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की मनाई जयंती



**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** श्री मती इन्दिरा गांधी विद्यालय जगौती में डां दिनेश कुमार सोनी सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षता में मनाई गई बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला महासचिव डां दिनेश कुमार सोनी ने कहा कि राजीव गांधी अखण्ड भारत को टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में बहुत आगे ले जाना चाहते थे पंचायती राज उन्हीं की देन है राजीव जी देशहित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए ईरान इराक आपस में जल रहे थे राजीव गांधी ने पहले कर चन्द घंटों में लड़ाई शान्त करना दिया था सर्व प्रथम डां दिनेश कुमार सोनी ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करने वालों में सर्व श्री शिव विजय सिंह पूर्व उपाध्यक्ष रंगराज सिंह जिला उपाध्यक्ष नागेश पांडेय जिला सचिव विद्याधर मिश्र एडो वेदानन्द वेद प्रकाश पाण्डेय एंडो ब्लाक अध्यक्ष पं राम कुमार पाण्डेय जी पवनेश कुमार सोनी सुरेश कुमार पटेल मंत्री जी आशीष कुमार मिश्र एंडो विनय कृष्ण पाण्डेय एडवोकेट सूर्यकान्त पाण्डेय सरोज मिश्रा ब्लाक अध्यक्ष अकबाल बहादुर कुशवाहा कौशलेंद्र गौड़ रजनीश गौड़ राजेश तिवारी सन्तोष कुमार मिश्र संजय शुक्ल एडवोकेट वृजेश पटेल दरोगा राज कुमार पटेल गंगाजल विश्व कर्मा विजय आदि रहे।

## मनाया गया पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती



**सहसों।** भरद्वाज गुरुकुलम देवनहरी रुदापुर में आधुनिक भारत के निमार्ता एवं सूचना और कम्प्यूटर क्रांति के जनक भारत रत्न देश के सातवें प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उनके छाया चित्र पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस अवसर पर भरद्वाज गुरुकुलम के निदेशक देवराज उपाध्याय ने कहा कि देश की एकता अखंडता बनाए रखने के लिए राजीव गांधी द्वारा किए गए कार्य एवं उनके योगदान को देश कभी भूल नहीं सकेगा। उनके जन्मदिन को देश सद्भावना दिवस के रूप में मना रहा है। इन्हें आधुनिक भारत के निमार्ता एवं कंप्यूटर क्रांति का जनक होने का भी गौरव प्राप्त है। उन्होंने कहा राजीव जी ने देश के खातिर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया और प्राणों की आहुति दे डाली। कार्यक्रम में प्रमुख से दिलीप कुमार दूबे, सुभाष चंद्र विश्वकर्मा, अमन मिश्रा भीम, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, शिवम उपाध्याय, बसंत लाल आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार भुलई का पूरा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य अशफाक अहमद के नेतृत्व में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर याद करते हुए मनाई गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी द्वारा किए गए कार्य आधुनिक भारत के योगदान में आज भी प्रासंगिक हैं। देश उनकी सेवाओं को कभी भुला नहीं सकता। लोगों को उनके दायित्व और कर्तव्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शमशेर बहादुर पटेल, मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद इकबाल, अनवर फारुकी, मोहम्मद अरमान, सिकंदर अली, रहमत अली मुन्ना भाई, सुभाष चन्द्र विश्वकर्मा, मोहम्मद सोनू , इकराम प्रधान आदि लोग उपस्थित रहे।

## बिना नोटिस व सूचना के ही लेखपाल पर घर गिरवाने का आरोप

### गृहस्वामी की गैरमौजूदगी में की गई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई



**कोरांव।** कोरांव तहसील क्षेत्र के खीरी बाजार में बिना नोटिस व सूचना के ही लेखपाल पर घर गिरवाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम और संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की गई है। खीरी बाजार निवासी महेश प्रसाद केसरी, राकेश कुमार केसरी पुत्रगण घनश्याम केसरी ने एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि 80 वर्ष पूर्व से आबादी के भूमि पर प्रार्थी का पुश्तैनी मकान बना हुआ था। जिसे हल्का लेखपाल सुमित कुमार ने बिना नोटिस व सूचना दिए ही पुलिस बल के साथ विपक्षी विनय कुमार केसरवानी के इशारे पर जबरन जेसीबी मशीन से मेरे घर ढहवा दिया गया है। इतना ही नहीं पीड़ित भुक्तभोगी ने शिकायती पत्र में यह भी बताया है कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बाद लेखपाल की मनमानी का आलम रहा कि खीरी थाने में धारा 186, 189, 504 506 आईपीसी के तहत मुकदमा भी पंजीकृत करा दिया है। भुक्तभोगी महेश प्रसाद केसरी घनश्याम केसरी ने बताया कि जिस समय ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई उस समय हम लोग घर पर भी मौजूद नहीं थे। किसी दूसरे व्यक्ति के द्वारा जब घर गिराने की बात बताई गई तो हम लोग घर पहुंचे तो उल्टा लेखपाल व पुलिस हम लोगों को डांट रही थी और तब तक घर को गिराया जा चुका था। पीड़ित ने बताया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के बाद खीरी पुलिस को भी सूचना दी लेकिन पुलिस ने भी कोई कार्रवाई नहीं किया।भुक्तभोगी ने उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए मनमाने लेखपाल पर कार्रवाई की मांग की है। इस संदर्भ में एसडीम अविनाश सिंह यादव व तहसीलदार से बात कर मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया गया। लेकिन दोनों अधिकारियों ने फोन रिसीव नहीं किया।

## खबर संक्षेप

### उपायुक्त उद्योग की अध्यक्षता में मोनेरेको इण्डस्ट्रियल इस्टेट के पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

**प्रयागराज।** उपायुक्त उद्योग की अध्यक्षता में मोनेरेको इण्डस्ट्रियल इस्टेट के पदाधिकारियों के साथ उद्योगों को बचाने की उठाई मांग के सम्बंध में बैठक आहूत की गयी । मोनेरेको इण्डस्ट्रियल वेलफेयर सोसाइटी के उद्यमियों से ज्ञापन प्राप्त किया गया, जिसमें उन्होने अवगत कराया कि एम0एन0एन0आई0टी0 के निदेशक द्वारा मोनेरको के उद्यमियों को जो शेड/भूखण्ड आवंटित हुये है उनको खाली कराने की नोटिस जारी की गयी है, जिससे मोनेरको इण्ड0इस्टेट के उद्यमियों में भय तथा रोजगार छीने जाने का माहौल पैदा हो गया है।उपायुक्त उद्योग द्वारा मोनेरेको इण्डस्ट्रियल वेलफेयर सोसाइटी के उद्यमियों को आवश्वासन दिया गया कि जिलाधिकारी प्रयागराज महोदय की अध्यक्षता में बैठक कराते हुये मोनेरको की समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण कराने का प्रयास किया जायेगा। बैठक में राजेश कुमार सिंह, अभिषेक सिंह, राकेश अग्रवाल, अनिलेश गुप्ता, रवि अग्रवाल, बिमल किशोर, राजेश अग्रवाल तथा हैदर रजा, सहायक प्रबन्धक उपस्थित हुये। बैठक की अध्यक्षता शरद टण्डन, उपायुक्त उद्योग द्वारा किया गया।

# शादी का दबाव बनाने पर गर्ल फ्रेंड की गला रेतकर हत्या

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** फूलपुर के अगरापट्टी गांव में शादी का दबाव बनाने से नाराज प्रेमी ने प्रीति सिंह (16) की गला रेतकर हत्या कर दी। योजना के तहत किशोरी को बुलाकर आरोपी दिन भर उसके साथ घूमता रहा और रात में वारदात को अंजाम देकर भाग निकला। पुलिस ने शनिवार सुबह शव मिलने के कुछ घंटों बाद ही खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।किशोरी फूलपुर के मैलहन आजाद नगर मोहल्ले की रहने वाले सुखराम सिंह की बेटी थी। 16 अगस्त को दिन में वह लापता हो गई। परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। शनिवार को उसका शव अगरापट्टी गांव स्थित धान के खेत में क्षत-विक्षत हाल में मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो उसके गले पर गहरा जख्म था। इससे पता चला कि गला रेतकर उसकी हत्या की गई थी।जानकारी पर डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती व एसीपी फूलपुर मनोज सिंह भी पहुंच गए। दोनों अफसरों ने खुद परिजनों से पूछताछ की। इस दौरान किशोरी के दूर के रिश्तेदार धनंजय सिंह का नाम सामने आया। वह पड़ोस के ही अरवासी मय बहादुरगढ़ गांव का रहने वाला है। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो वह पहले अनजान बनता रहा। हालांकि, कड़ाई से पूछताछ करने पर वह टूट गया और हकीकत बयां की।

**आरोपी बोला, खुदकुशी की दे रही थी धमकी :** पुलिस की पूछताछ में धनंजय ने बताया कि दूर का रिश्तेदार होने के कारण उसका मृतका के घर आना-जाना था। इसी दौरान दोनों में प्रेम संबंध हो गए। वह गुजरात में रहकर नौकरी करता था, लेकिन कुछ महीने पहले ही घर चला आया था। प्रीति लगातार उस पर शादी का दबाव बना रही थी। वह नाबालिग थी और वह यह भी जानता था कि उसके घरवाले इस रिश्ते के लिए कभी राजी नहीं होंगे। उधर, प्रीति यह भी धमकी दे रही थी कि शादी न करने पर वह जान दे देगी। इससे परेशान होकर उसने प्रीति को खत्म करने की योजना बनाई।

**गोद में सिर रखवाया और फिर रेत दिया गला :** पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने पूछताछ में बताया कि योजना के मुताबिक उसने 16 अगस्त को प्रीति को अपने घर से कुछ दूर पर सुनसान में स्थित ताल के पास बुलाया और फिर दिन भर उसके साथ वहीं घूमता रहा। शाम को पास ही स्थित धान के खेत में ले गया और कहा कि वह उसकी गोद में सो जाए। जैसे ही किशोरी ने आंख बंद की, उसने एक हाथ से उसका मुंह दबाया और दूसरे हाथ से उसका गला रेतकर हत्या कर दी। फिर शव को वहीं छोड़कर भाग निकला। 17 अगस्त की सुबह वह फिर मौके पर गया और शव वहीं पड़ा देखकर वापस चला आया।परिजनों ने एक दिन पहले ही आरोपी पर शक जताया था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है।

**- अभिषेक भारती, डीसीपी गंगानगर।**

# देर रात सिविल लाइंस में दो गुटों में जमकर हुई मारपीट, बाइक को लगाई आग

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शहर के सिविल लाइंस इलाके में बीतीरात दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई। इस दौरान एक बाइक में आग लगा दी गई। देर रात हुई घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।काफी हाउस के सामने शनिवार की देर रात किसी बात को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हो गई। एक पक्ष के लोग कार में सवार थे तो दूसरे पक्ष के लोग कई बाइक पर सवार होकर आए थे। इस दौरान एक बाइक को आग के हवाले कर दिया गया। घटनास्थल से सिविल लाइंस थाना महज 200 मीटर और सिविल लाइंस पुलिस चौकी चंद कदम की दूरी पर है।काफी देर तक चले बवाल के बावजूद पुलिस को इसकी कानोंकान खबर तक नहीं लगी और दोनों गुट सड़क पर जमकर मारपीट करते रहे और बाइक से आग की लपटें उठती रहीं। मारपीट के दौरान कार में सवार होकर युवक भाग निकले। भागते समय युवकों ने उसको रोकने का प्रयास किया और उस पर पत्थर भी चलाए लेकिन वह जीएचएस स्कूल के रास्ते भाग निकले।

## नशे में धुत लड़कों ने कार पर बरसाए पत्थर



# शिव किशोर गौड़ बने यूपी बार काउंसिल के अध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश यानी यूपी बार काउंसिल के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर रविवार को चुनाव हुआ। यूपी बार काउंसेल ऑफ उत्तर प्रदेश परिसर में हुए चुनाव में शिव किशोर गौड़ की अध्यक्ष वा अनुराग पांडेय को उपाध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया गया। अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशियों ने वापस ले लिया था नाम अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अखिलेश कुमार अवस्थी, एएन सिंह, इमरान माबूद खान व शिवकिशोर गौड़ थे। इमरान माबूद खान और अखिलेश कुमार अवस्थी ने अपना नाम अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पद से वापस ले लिया था। इस प्रकार अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी एएन सिंह और शिवकिशोर गौड़ के मध्य चुनाव हुआ, जिसमें कुल 25 मत पड़े। शिव किशोर गौड़ को मिले 14 मत अध्यक्ष पद पर शिवकिशोर गौड़ को 14 मत प्राप्त हुए तथा एक मत अवैध घोषित किया गया। चुनाव में शिवकिशोर गौड़ को सर्वाधिक 14 मत प्राप्त होने पर सदस्य सचिव निर्वाचन अधिकारी राकेश पाठक द्वारा शिवकिशोर गौड़, एडवोकेट, खुजो, बुलन्दशहर को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर पड़े कुल 25 मत, अनुराग को मिले 13 मत उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी जय नारायण पांडेय, अनुराग पांडेय,प्रशान्त सिंह अटल व विनोद कुमार पांडेय थे, जिसमें से विनोद कुमार पांडेय वा प्रशान्त सिंह अटल ने अपना नाम उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी पद से वापस ले लिया। इस प्रकार उपाध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशी अनुराग पांिडय वा जय नारायण पांडेय के मध्य चुनाव हुआ, जिसमें कुल 25 मत पड़े। उपाध्यक्ष पद पर अनुराग पांडेय को सर्वाधिक 13 मत प्राप्त होने पर सदस्य सचिव निर्वाचन अधिकारी राकेश पाठक द्वारा अनुराग पांडेय एडवोकेट, कानपुर को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया गया नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को सदस्य पांचू राम मौर्य, जय नारायण पांडेय, बलवन्त सिंह, योगेन्द्र स्वरूप, रोहिताश्व कुमार अग्रवाल, हरिशंकर सिह, इमरान माबूद खान, मधुसूदन रिपाठी, अरूण कुमार त्रिपाठी, एएन सिंह, अजय कुमार शुक्ल, अजय यादव, जानकी शरण पांडेय, शिवकिशोर गौड, देवेन्द्र मिश्र नगरहा, अखिलेश कुमार अवस्थी, विनोद कुमार पांडेय, श्रीश कुमार मेहरोत्रा, प्रदीप कुमार सिंह, अंकज मिश्र, राकेश पाठक, ,प्रशान्त सिंह अटल, परेश मिश्र आदि उपस्थित अधिवक्ताओं व बार काउंसिल के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा बधाई दी गयी।

## एएन सिंह को 25 मतों से हराया अनुराग पांडेय उपाध्यक्ष पद पर विजयी घोषित



## औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा पाँच वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस ने पाँच वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन थाना प्रभारी सुभाष सिंह के कुशल नेतृत्व में उनकी पुलिस टीम ने रविवार को न्यायालय ए0सी0जे0एम0 - 2 इलाहाबाद संबंधित 05 वारण्टी अभियुक्त रामचन्द्र पुत्र स्व0 मोतीलाल राजेश कुमार भारतीया पुत्र स्व0 प्रभुलाल भारतीया खन्ना पुत्र स्व0 मिठाईलाल 4. बाबूजी पुत्र सरजू प्रसाद 5. लवकुश पुत्र शिव प्रसाद निवासीगण रेही कला थाना औद्योगिक क्षेत्र नैनी को थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार किया।पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार सभी वारण्टीयो के खिलाफ आगे की आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

# सुपरफास्ट ट्रेन में टीटीई और जीआरपी जवानों के बीच मारपीट

**प्रयागराज के जीआरपी थाने में तहरीर, टीटीई बोले कोच में घुस रहे थे 6 लोग, पूछने पर मारपीट करने लगे**

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** जीआरपी के जवानों और ट्रेन में ड्यूटी पर चले रहे 3 टीटीई के बीच विवाद हो गया। टिकट निरीक्षकों का कहना है कि कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर जीआरपी के जवानों ने उन्हें इसलिए पीटा क्योंकि उन्हें प्रयागराज जाने वाली सुपरफास्ट ट्रेन के एसी कोच में जाने से रोका। इसका वीडियों भी वायरल हो गया। इसमें साफ दिख रहा है कि जीआरपी के जवान टिकट निरीक्षकों से बदतमीजी करते हुए उनके साथ मारपीट कर रहे हैं। इसमें फतेहपुर और कानपुर सेंट्रल के जीआरपी शामिल रहे। टिकट निरीक्षकों ने प्रयागराज जीआरपी थाने में इसकी तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि जीआरपी के जवान टीटीई का कालर पकड़कर जीआरपी थाने ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। अन्य टीटीई इसका विरोध करते हुए रोक रहे हैं। कोई वीडियो बना रहा था तो जीआरपी इंस्पेक्टर ने कहा, छूकर दिखाओ, गोली मार दूंगा। ट्रेन संख्या 20404 में कंडक्टर बीके शर्मा व अन्य साथी नीतेश जयंत और राकेश मीना मथुरा से प्रयागराज तक ड्यूटी पर तैनात थे। बीके शर्मा ने तहरीर में बताया कि 19/20 की रात करीब 2 बजे ट्रेन कानपुर सेंट्रल पहुंची थी। तभी फतेहपुर के जीआरपी एसओ बताते हुए इंस्पेक्टर साहब सिंह करीब 6 लोगों के साथ एसी कोच में घुस गए । इसमें 2 लोग सिविल ड्रेस में थे। उनके बारे में पूछने पर जीआरपी के जवानों ने बदतमीजी शुरू कर दी और मारपीट करने लगे। बीके शर्मा ने बताया, जीआरपी के जवानों ने कानपुर सेंटरल के जीआरपी जवानों को भी बुला लिया। सभी ने मिलकर हम लोगों से मारपीट और गाली गलौच की। असलहे से भी हमला किया। मोबाइल और नकदी छीनने का भी आरोप लगाया है। जीआरपी थाना प्रयागराज के इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया, टीटीई की ओर से आज तहरीर दी गई है। कानपुर सेंट्रल पर यह मारपीट हुई थी इसलिए इसे कानपुर जीआरपी को भेजा गया है।

## रेगुलर हाउस टैक्स जमा करने वाले मकान मालिक होंगे सम्मानित

**नगर निगम 15 साल से नियमित टैक्स देने वालों की बना रहा सूची**




**प्रयागराज।** नगर निगम की ओर से अनूठी पहल की जा रही है। नगर निगम ऐसे भवन स्वामियों को सम्मानित करेगा जो लगातार 15 सालों से हाउस टैक्स जमा कर रहे हैं। नगर निगम की ओर से ऐसे मकान मालिकों की सूची भी भी बनाई जा रही है। दरअसल, ज्यादा से ज्यादा लोग नियमित रूप से हाउस टैक्स जमा करें इसलिए भी यह पहल सार्थक साबित हो सकती है। निगम की योजना है कि सूरची तैयार करने के बाद दिसंबर माह में ऐसे भवन स्वामियों को सम्मानित किया जाएगा और उन्हें प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा। बता दे चालू वित्तीय वर्ष में नगर निगम को एक अरब से अधिक हाउस टैक्स जमा करने का लक्ष्य भी रखा गया है। नगर निगम के मुख्यकर न्धिारण अधिकारी पीके मिश्रा ने बताया शहरी सीमा का विस्तार होने के कारण 100 वाडों को आठ जोन में बांटा गया है। इसमें प्रत्येक जोन से 10-10 भवन स्वामियों को सम्मानित किए जाने की योजना है। यह शहर प्रदेश का पहतला शहर होगा जो इस तरह का प्रयास कर रहा है। भवन स्वामियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस तरह की योजना बनाई गई है।

# तालाब में डूबा युवक दिन भर ढूंढने में जुटी रही पुलिस और राजस्व टीम, नही मिली सफलता

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के पूरामुफ्ती गांव स्थित एक तालाब में एक युवक सुबह साढ़े आठ बजे कूद गया। जलकुंभी और घास से तालाब भरा पटा होने के कारण युवक उसी में फंस गया और हांथ - पैर चलाने के बाद डूब गया।

घटना का वीडियो सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया है। युवक कहां का रहने वाला है इसकी जानकारी स्पष्ट नही हो पाई। आस - पास मौजूद लोगों ने तालाब में डूब रहे युवक को देखकर हो हल्ला मचाया। हो हल्ला सुनकर लोग दौड़े चले आए। जल कुंभी और घास होने के कारण किसी ने युवक को बचाने की हिम्मत नही जुटाई। युवक के डूबने की खबर सुनकर तालाब के चारो तरफ ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय



पुलिस और राजस्व टीम मौके पर पहुंच गई। युवक को खोजने के लिए जेसीबी के माध्यम से दिनभर जलकुंभी और घास निकाला गया लेकिन अत्यधिक घास और जलकुंभी होने के कारण किसी ने तालाब में हिलकर युवक को खोजने की हिम्मत नही पड़ी। तालाब लगभग बीस फिट गहरा बताया जा रहा है। तालाब की सफाई कभी भी नही हुई इसलिए पानी के ऊपर दो फिट तक घास और जल कुंभी की एक मोटी परत बनी है। लोगों की माने तो इस तालाब के अंदर जो भी गया है जलकुंभी और घास में फंसकर डूब गया है फिर जिंदा लौटकर वापस नहीं आया।

## मेजा में बाइक की टक्कर से तीन महिलाएं घायल

**प्रयागराज।** प्रयागराज के मांडा थाना क्षेत्र के दोहथा गांव के समीप अनियंत्रित होकर बाइक चालक ने पैदल घर जा रही तीन महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दिया। हादसा इतना भयावह रहा कि तीनों महिलाएं गम्भीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने तीनों महिलाओं को नजदीकी अस्पताल इलाज हेतु दाखिल कराया। लेकिन हालत गम्भीर देख डॉक्टरों ने नाजुक दशा में तीनों महिलाओं को शहर इलाज के लिए भेज दिया गया। जहां इलाज के दौरान एक महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।मिली जानकारी के मुताबिक, मांडा थाना क्षेत्र के दोहथा गांव की सरोजा देवी (41), इंद्रावती देवी (44) व प्रेमा देवी (38) शनिवार रात जंगल से पैदल घर लौट रही थी। पीछे से तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर बाइक चालक ने तीनों को जोरदार टक्कर मार दिया। इससे तीनो महिलाएं बुरी तरह घायल हो गई। जबकि टक्कर मारने के बाद वाहन चालक भाग निकला।

# यमुना के जलस्तर में वृद्धि गंगा स्थिर



अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी में यमुना 11 दिन बाद गंगा का जलस्तर बढ़ना शुरू हुआ तो यमुना स्थिर रहीं। अब गंगा स्थिर हुई तो यमुना का जलस्तर बढ़ने लगा। हालांकि गंगा की तरह यमुना में भी मामूली वृद्धि हुई। गंगा-यमुना का जलस्तर बढ़ने की हलचल संगम में भी दिखाई पड़ी। फाफामऊ में सुबह आठ बजे गंगा का जलस्तर 79.30 मीटर पर स्थिर था। नैनी में यमुना का जलस्तर 24 घंटे में सिर्फ दो सेमी बढ़कर 76.61 मीटर पर पहुंच गया। गंगा में शनिवार को मामूली वृद्धि हुई थी। फिलहाल बाढ़ के खतरे से इनकार किया जा रहा है। सिंचाई विभाग के इंजीनियरों का कहना है कि गंगा-यमुना के प्रवाह क्षेत्र में बारिश के बाद प्रयागराज में संभावित बाढ़ के बारे में पता चल पाएग।

# नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन की जिला स्तरीय एक बैठक रविवार को के. पी. कम्युनिटी सेंटर प्रयागराज में प्रयागराज जिला इकाई के मुख्य महासचिव राजेंद्र सिंह के संयोजन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय संयोजक जगदंबा प्रसाद शुक्ल ने की।

बैठक में बतौर मुख्य अतिथि रहे संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णानंद त्रिपाठी ने संगठन विस्तार पर जोर देते हुए आगामी 1 अक्टूबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन की रुपरेखा तय की। श्री त्रिपाठी ने संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने के लिए समर्पित भाव से जुटने की अपील की। उन्होंने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए पत्रकारिता जगत से जुड़े स्वच्छ छवि के लोगों को संगठन में जोड़ने का दिशा-निर्देश भी दिया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश में सभी जिलों के साथ दूसरे प्रांतों में भी संगठन विस्तार का खाका खींचा है।

संगठन के राष्ट्रीय संयोजक जगदंबा प्रसाद शुक्ल ने बैठक में जानकारी देते हुए कहा जौनपुर जिले में प्रांतीय अध्यक्ष माधवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में संगठन पूरी मजबूती से स्थापित है। प्रदेश के क?ई अन्य जिलों में भी क्रियाशील पत्रकार साथियों को जोड़ने का कार्य संगठन कर रहा है। उन्होंने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करने के लिए अग्रसर है। उन्होंने राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारी समय से पूरा करने पर बल दिया। बैठक में प्रांतीय मुख्य महासचिव डॉ महमूद आलम ने राष्ट्रीय अधिवेशन की सफलता के लिए क?ई महत्वपूर्ण पहलुओं पर सुझाव दिए। मंडल अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी ने राष्ट्रीय अधिवेशन के लिए सुविधाजनक स्थल का शीघ्र चयन करने सुझाव दिया तथा सभी साथियों को पूरी तन्मयता से संगठन में सहभागिता निभाने की जरूरत बताई। गंगापार जिलाध्यक्ष शाश्वत एवं उपाध्यक्ष आनंद सिंह ने संगठन के लिए आकस्मिक कोष संकलन करने का सुझाव दिया। बैठक का संचालन करते हुए राजेंद्र सिंह ने संगठन के उद्देश्य एवं गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में उपस्थित गंगापार प्रवक्ता मोहित निषाद, कोषाध्यक्ष मो. अयाज, अवधेश कुमार, चंद्रशेखर, कविता भारती ने अपने विचार व सुझाव रखें। जगदीश पटेल, रंजीत निषाद व अमर निषाद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में संगठन की सदस्यता ग्रहण की। बैठक के अंत में उजार्वान प्रयागराज जिलाध्यक्ष अखिलेश मिश्र के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई।

## बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में राष्ट्रीय अधिवेशन पर बनी सहमति



# छेड़खानी से परेशान किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, चार पर मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** छेड़खानी से परेशान एक सोलह साल की किशोरी ने रविवार को फांसी लगाकर आत्महत्या का ली। मृतका के पिता का आरोप है कि बीते माह आरोपियों ने उसका अपहरण कर लिया था। एक सप्ताह बाद किशोरी बरेली स्टेशन पर मिली थी। घटना कौंधियारा थाना क्षेत्र के एक गांव की है। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।मृतका के पिता ने बताया कि बीते 11 जुलाई को स्कूल जाते समय वह कही लापता हो गई थी। मामले में थाने में उसके अपहरण का मुकदमा दर्ज था। 17 जुलाई को किशोरी बरेली स्टेशन से बरामद हुई। मामले में कौंधियारा पुलिस ने किशोरी का बयान भी दर्ज कराया था, लेकिन उसने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया। लेकिन पिता का आरोप है कि घटना के बाद से पास के गांव के एक युवक व उसके साथी लगातार उसे परेशान किया करते थे और वहीं उसे यहां बरेली ले गए थे।रविवार सुबह किशोरी ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता ने बताया कि पड़ोसी गांव का युवक व उसके तीन साथी लगातार उसके साथ छेड़खानी व परेशान किया करते थे। इससे अजीज आकर उसने आत्महत्या कर ली। इंस्पेक्टर कौंधियारा संजय द्विवेदी ने बताया कि बीते माह किशोरी लापता हुई थी, जिसपर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। किशोरी के बरामद होने के बाद मजिट्रेट के सामने उसका बयान कराया गया, जिसमें उसने बताया था कि परिजनों की डाट से क्षुब्ध होकर वह घर छोड़कर चली गई थी। मृत किशोरी के पिता ने चार लोगों को प्रताड़ना का अरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पिता की तहरीर पर शोएब अंसारी, अरूण पटेल, रवि शंकर यादव उर्फ कुंदन व गनेश यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## आरोपी ने किशोरी को भेजा था मोबाइल

मृत किशोरी के पिता ने बताया कि बीते नौ अगस्त को आरोपियों ने उसे मोबाइल व अन्य सामान भेजा था। लेकिन किशोरी ने उसे लेने से मना कर दिया था। इस बाबत थाना कौंधियारा में आरोपियों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की गई थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मामले में इंस्पेक्टर कौंधियारा संजय द्विवेदी ने बताया कि उन्हें ऐसी कोई तहरीर या शिकायत नहीं मिली थी।

## नवाबगंज पुलिस ने 151 मे सात लोगों का किया चालान

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद के नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सोनी ने शांति भंग की आशंका मे सुनील कुमार तिवारी पुत्र भूषण तिवारी कंधई का पुरवा परसई निवासी। राजेश तिवारी मधवापुर निवासी, बबलू दयामऊ निवासी विजय कुमार पुत्र मेवालाल परियावां निवासी, दिनेश कुमार पुत्र किशन लाल पैकगंज परियावां निवासी शारुख खान पुत्र लाल मोहम्मद पैकगंज निवासी को लड़ाई झगड़ा मारपीट के मामले मे चालान कर न्यायालय भेज दिया। मोनू पुत्र लालमोहम्मद पैकगंज परियावां निवासी 107/116 को फरार बताया नवाबगंज पुलिस की इस कारवाई से क्षेत्र मे हड़कंप मचा हुआ है।

# जिले के 31 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई सीटेट परीक्षा

### न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल को बनाया गया था नोडल सेंटर

**प्रथम पाली में 1431 छात्र-छात्राएं रहे अनुपस्थित**

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले में सीटेट 2023 की परीक्षा 31 केंद्रों पर सकुशल सम्पन्न हुई। पूरे जिले में प्रथम पाली में परीक्षा के लिए 14329 छात्र छात्राएं नामांकित थे जिसमे से जिले के 1431 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे और कुल 12898 छात्र छात्राओं ने प्रथम पाली में 31 केंद्रों पर परीक्षा दी।

बता दें कि न्यू एंजिल्स स्कूल को नोडल सेंटर बनाया गया है और बी के सोनी प्रधानाचार्य न्यू एंजिल्स को जिले में परीक्षा संपन्न कराने के लिए सिटी कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 12 बजे तक प्राइमरी स्तर की हुई जिसमें कुल 489 छात्र छात्राएं नामांकित थे। 41 छात्र/छात्राएं अनुपस्थित रहे। कुल 448 छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे तथा दूसरी पाली की परीक्षा 2 बजे से आरंभ हुई जिसमे 46 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में सीटेट जूनियर स्तर की परीक्षा में कुल 443 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सीटेट की परीक्षा 4:30 बजे समाप्त हुई। सीटेट परीक्षा 2023 को जनपद प्रतापगढ़ में संपन्न करने के लिए प्रत्येक विद्यालय में एक आब्जर्वर की व्यवस्था की गई थी। बता दें कि सीबीएसई की छह सदस्यीय टीम जनपद के सभी 31 केंद्रों का दौरा करती रही। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल की प्रबंधक डॉ शाहिदा ने बताया कि केंद्र व्यवस्थापक आर के सिंह, आब्जर्वर डॉ अमृता सिंह और सभी कक्ष निरीक्षकों ने बहुत लगन से नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से सीटेट 2023 की परीक्षा संपन्न कराया।



सीटेट की परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।

# 48 लाख की लागत से नगर पालिका बनाएगी अन्त्येष्टि स्थल

### दिसम्बर तक सई नदी के तट पर चांदमारी में चालू होगा स्थल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका दहिलामऊ उत्तरी क्षेत्र के चांदमारी में सई नदी के तट पर 48 लाख की लागत से अन्त्येष्टि स्थल बनाएगी। इसमें चार चबूतरे बनाए जाएंगे। नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह के प्रयास से अन्त्येष्टि स्थल के लिये 48 लाख रुपये शासन से स्वीकृत हो गया है।

अन्त्येष्टि स्थल का सीमांकन भी कर दिया गया है। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील ने टेण्डर प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीमांकन का कार्य राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर सिंह कर रहे हैं। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 के अंत तक यह अन्त्येष्टि स्थल बनकर तैयार हो जाएगा। शहर का यह पहला अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है। अभी तक सई नदी के किनारे ऐसे ही लोग शवों का अंतिम संस्कार कर देते थे, अब लोगों के बैठने की जगह तथा शवों के जलने की जगह निश्चित होगी। बता दें कि टेण्डर में तीन महीने में कार्य पूरा होने का उल्लेख दिया गया है।



चांदमारी में अन्त्येष्टि स्थल का सीमांकन करते नगर पालिका के अधिकारी

# शिक्षण संस्था का संरक्षण सभी धर्मों के लोगों का कर्तव्य: राजेश नारायण मिश्र

### अम्मा साहेब कमला देवी की पुण्य तिथि पर आजीवन मासिक पेंशन वितरण समारोह संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शारदा संगीत महाविद्यालय के सभागार में रविवार को अम्मा साहेब कमला देवी की पुण्य तिथि पर आजीवन मासिक पेंशन वितरण समारोह के साथ शारदा संगीत महाविद्यालय की विवादित भूमि को बचाने के लिए सभी धर्मों के मानवतावादी लोगों द्वारा सामूहिक रूप से प्रार्थना की गयी। इस अवसर पर मधुर गीत एवं संगीत के साथ सामूहिक प्रार्थना सभा में सभी धर्मों के मानवतावादी लोगों द्वारा संस्था की विवादित भूमि की रक्षा के लिए प्रार्थना की गयी। समारोह के मुख्य अतिथि राजेश नारायण मिश्र (से०नि० प्रधान सहायक कलेक्ट्रेट, प्रतापगढ़) ने कहा कि शिक्षण संस्था का संरक्षण सभी धर्मों के मानवतावादी लोगों का कर्तव्य है क्योंकि शिक्षा से संपन्न मनुष्य ही स्वस्थ सामाजिक मूल्यों की स्थापना कर सकता है। डॉ० सीमा दीवान ने कहा कि शिक्षा मूल है संस्कृति पुष्प है और ज्ञान फल है इसलिए शिक्षण संस्थाओं का संरक्षण आवश्यक है। समारोह के मुख्य अतिथियों सहित स्वस्थ सामाजिक मूल्यों को महत्व प्रदान करने का संकल्प लेकर आजीवन मासिक पेंशन प्राप्त करने वाली कु० आँचल सिंह को अन्तर्राष्ट्रीय मानवतावादी सामाजिक संघ की ओर से सारस्वत अभिनन्दन सहित सम्मान पत्र से विभूषित किया गया। समारोह के अध्यक्ष डॉ० दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि संसार की सभी ममतामयी माताओं को अम्मा साहेब कहा गया है जिन्होंने अपने बच्चों को दया, करुणा, त्याग, परोपकार और सेवा का गुण विरासत में प्रदान किया है। ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि संसार में जब तक एक भी ऐसा व्यक्ति शेष है जिसे सम्मान पेंशन से विभूषित नहीं किया जा सका है तब तक अम्मा साहेब ट्रस्ट का कार्य अधूरा रहेगा।

शारदा संगीत महाविद्यालय की प्राचार्य बीना श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा समारोह का संचालन ट्रस्ट के सदस्य वैभव पाण्डेय ने किया एवं ट्रस्ट के बोर्ड के सदस्य राजीव कुमार आर्य द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उक्त अवसर पर राम प्रकाश तिवारी, मनप्रीत कौर, सुनील कुमार सिंह, श्वेता गुप्ता, राजीव कुमार आर्य, नित्या त्रिपाठी, राकेश कुमार कनौजिया, सतीश कुमार सिंह, संतोष कुमार ओझा, मो0 जावेद, लालजी तिवारी, संतोष कुमार मिश्र, कमलेश कुमारी तिवारी, दिनेश कुमार मिश्र, कुसुमलता श्रीवास्तव, अनुज कुमार पांडेय, रोशनलाल उमरवैश्य, हरिशंकर जायसवाल, वैभव पाण्डेय, प्रताप सिंह, ओ0पी0 गुप्ता, अनवर हुसैन खां, इंजी0 हिमांशु मिश्रा, अजय तिवारी, शमशेर बहादुर सिंह, आशीष रावत, सहित शारदा संगीत महाविद्यालय के तमाम छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि को सम्मानित करते ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा।

# होमगार्ड के निधन पर मानिकपुर राजघाट पहुँचे होमगार्ड

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** होमगार्ड ज़नार्दन प्रसाद शुक्ला कंपनी बाबागंज के अचानक तबीयत खराब होने के कारण मौत हो जाने से रविवार को जिला कमांडेंट प्रतापगढ़ डॉ० धीरेंद्र कुमार पांडेय व बी० ओ० राजेश कुमार पाल के निर्देशन में कंपनी कालाकांकर के कंपनी अधिकारी प्लाटून कमांडर एहसान अहमद, प्लाटून कमांडर प्रदीप कुमार व होमगार्ड इंद्रजीत पटेल, उमाशंकर मौर्य, राजेंद्र कुमार तिवारी, राकेश तिवारी, प्रदीप शर्मा, अवधेश पांडे, छोटेलाल यादव, रामफेर यादव, दिनेश पटेल आदि जवानों ने राजघाट मानिकपुर में शोक संवेदना पूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# कालाकांकर जल निगम की पानी टंकी की मोटर जली, परेशानी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के मोहम्दाबाद उपरहार (कालाकांकर) मे बीते तीन दिनों से कालाकांकर जल निगम की पानी सप्लाई मोटर के जल जाने से पानी के लिए ग्रामवासियों में हाहाकार मचा हुआ है। लगभग एक माह पूर्व मोटर जल गई थी जिसे विभाग ने दूसरी बार बनवाकर पानी की आपूर्ति बहाल किया था पानी की सप्लाई कालाकांकर पीरानगर, हिनाहु व सैफू का पुरवा लाल सिंह का पुरवा व आलापुर तक दी जाती है पानी की आपूर्ति बंद हो जाने से ग्राम वासियो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जब कि कालाकांकर पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व0 राजा दिनेश सिंह का गृह क्षेत्र भी है जो पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह का आवास है जहा नर्सरी स्कूल से लेकर पोस्ट ग्रेजुयेट तक का कालेज है जिसमे जल निगम द्वारा पानी की सप्लाई दी जाती है पानी की सप्लाई बंद होने से स्कूल कालेज के छात्र छात्राओं को पानी के लिए इस भीषण गर्मी मे अपनी प्यास बुझाने के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। ग्रामवासियो का कहना है कि कालाकांकर जल निगम मे तैनात कर्मचारी कई अरसे से जमे पड़े हुए है जो पानी सप्लाई करते समय लापरवाही करते है जिससे बार बार मोटर जल जाती है जिसका खामियाजा ग्राम वासियो को भुगतना पड़ता है। जल निगम के अभिशाषी अभियंता से जली मोटर को तत्काल बदलने के लिये इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है। ग्रामवासी धुन्नी लाल, विजय कुमार रवि कुमार, शुभम विद्याशंकर, रामशंकर, उमेश कुमार राधेश्याम, रामकृष्ण आदि लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आक्रस्ट कराया है।

# ठगों ने लाखों के जेवरात उड़ाए

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जेवरात साफ करने के बहाने घर आए ठगों ने लाखों का जेवरात ले उड़े और वहां से रफूचक्कर हो गए। खुद को ठगा महसूस कर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की लेकिन तब तक ठग वहां से फरार हो चुके थे। पीड़ित पट्टी कोतवाली में पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है। पट्टी नगर वार्ड नंबर 2 के रहने वाले अनिल कुमार खरे पुत्र संकठा प्रसाद के घर पर रविवार की दोपहर लगभग 12 बजे दो अज्ञात व्यक्ति पहुंचे और जेवरात साफ करने की बात करते हुए घर के जेवरात मांगे उन पर विश्वास करके घर की महिलाएं तथा अनिल ने घर में रखा हुआ जेवरात साफ करने के लिए उन दोनों को दे दिया। हाथ में पाउडर लेकर एक डिब्बे में देते हुए कहा कि आपका जेवराज साफ हो गया है अब कुछ देर में इसे खोलियेगा और यह कहकर वहां से ठग घर से बाहर निकल गए। 5 मिनट बाद जब डब्बा खोला गया तो उसमें सिर्फ पाउडर ही था, पीड़ित ने ठगों की आसपास खोजबीन किया लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। हालांकि ठगो की करतूत और उनका चेहरा सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पीड़ित पट्टी कोतवाली पहुंचकर मामले में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# सीताराम धाम में आयोजित हुआ भण्डारा



सीताराम धाम पर आयोजित भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सीताराम धाम जोगापुर में सुबह पांच बजे से विशेष तौर पर कांवरियों एवं जन सामान्य के लिए भंडारे का आयोजन मनीष सिंह एडवोकेट एवं अधिवक्ताओं तथा समाजसेवियों के सहयोग से किया गया जिसमें सुबह से ही डीजे बैंड बाजा के साथ कवारियों का ताता लगा रहा तथा अधिवक्ता गण तथा पत्रकार समाजसेवी भी भंडारे में उपस्थित हुए। भगवान भोलेनाथ की जयकारो के साथ सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उक्त भंडारे में उपस्थित राजेश सिंह, प्रकाश मिश्रा टिक्कू, मनीष सिंह, अनूप सिंह, अंजनी सिंह बाबा, दिवाकर सिंह, दिव्यंत सिंह, रजनीश मिश्रा, पंकज शर्मा, राघवेंद्र प्रताप सिंह, अनुज सिंह, अंकित सिंह, छोटू उत्तम सिंह, सचिंद्र सिंह, मनोज कुमार, गौरव सिंह, जितेंद्र सिंह भोले शिवम सिंह, सर्वेश उपाधाय, हरिशंकर पूरी, अखिलेश सिंह लल्लू, नरसिंह यादव आदि लोग उपस्थित हुए।



भारत संकल्प दिवस कार्यक्रम में बोलते अतिथि।

# अंतरर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद ने मनाया अखंड भारत संकल्प दिवस

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के परियावां बाजार माता मइया धाम में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग के तत्वावधान में अखण्ड भारत संकल्प दिवस का कार्यक्रम प्रांत व जिले के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमें अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांत उपाध्यक्ष मिश्री लाल विश्वकर्मा, राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत मंत्री सुधीर शुक्ल, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद कुण्डा जिला के कार्या अध्यक्ष राहुल पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम पटेल, जिला उपाध्यक्ष (राष्ट्रीय बजरंग दल) देवी दीन विश्वकर्मा, कौशाम्बी जिले के जिलाअध्यक्ष (राष्ट्रीय बजरंग दल) यसराज खण्ड, नवल किशोर अग्रहरि कपिल देव त्रिपाठी, बच्चन तिवारी ,खण्ड कार्यवाहक कालाकांकर आर एस एस संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने मनाई भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने उनके जीवन के बारे में कई बातें कही।

इस मौके पर डा0 नीरज तिवारी, डा0 प्रशांत देव शुक्ल समेत कई लोग मौजूद रहे। उधर रानीगंज तहसील परिसर में राज बहादुर सरोज के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। श्रद्धांजलि में मुख्य अतिथि के रूप में बृजेन्द्र मिश्रा सचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी व पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ सभा को संबोधित करते हुए श्री मिश्र ने कहा कि भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती एक महान नेता संचार क्रांति और गरीब दलित पिछड़ों की आवाज पंचायती राज को मजबूत करने के नायक स्वर्गीय राजीव गांधी का इस देश को आगे बढ़ने में बहुत अतुलनीय योगदान रहा है। श्री गांधी ने गरीबों के सपने को पूरा करने के लिए उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके, इसके लिए नवोदय विद्यालय की स्थापना की भारत के अंदर औद्योगिक क्षेत्रों का बढ़ावा किया और भारतीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूत किया, इसीलिए इन्हें आधुनिक भारत का जनक कहा गया है और श्री गांधी के सपनों को पूरा करने का संकल्प सभी कार्यकताओं को लेने के लिए कहा। सभा में उपस्थित संचालक राम सजीवन गुप्ता, अरविंद तिवारी पूर्व सचिव कांग्रेस कमेटी व आशीष तिवारी, विमल सिंह एडवोकेट, पूर्व जिला महासचिव अनीस उद्दीन एडवोकेट, पीसीसी सदस्य रामकुमार पटेल, चरण सिंह यादव ब्लॉक अध्यक्ष, सुशीला देवी, संजय गांधी, मनोज गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी इश्तियाक अली, संतोष शर्मा, पीसीसी सदस्या बन्ने मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।



राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

# ठगी कर चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

**96600 रुपये व घटना में प्रयुक्त कार बरामद**

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम व मु0अ0सं0 314/2023 धारा 379, 406, 420 भादवि के अनावरण हेतु दिये गये निर्देश के क्रम में प्रभारी थाना लालगंज अमृत जैन के नेतृत्व में थाना लालगंज के उ0नि0 अनीश कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर तीन अभियुक्तों टिटू नाथ पुत्र रमेश नाथ नि0ग्राम बिसरख सेक्टर-एक नोयड़ा थाना कोतवाली बिसरख जनपद गौतमबुद्धनगर, सोनू नाथ पुत्र रमेश नाथ नि0ग्राम बलीपुर मोहना थाना छायछा जनपद फरीदाबाद, हरियाणा, अभिषेक नाथ पुत्र राजूनाथ नि0 ग्राम समसपुर किलापर क्षीतगढ़ जनपद मेरठ को थाना क्षेत्र लालगंज के धधुआ गाजन नहर के पास से गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मारुती सुजकी एस्टार बीएक्सआई कार जिस पर गलत नम्बर अंकित व कुल 96,600 रुपये भी बरामद किया गया।

अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई। उक्त चार पहिया वाहन के फर्जी नम्बर प्लेट प्रयोग करने के सम्बन्ध में थाना लालगंज में मु0अ0सं0 318/2023 धारा 411, 419, 420, 467, 468, 471 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग लोगों से ठगी कर चोरी कर अपना जीवन यापन करते है। 17 अगस्त 2023 को 50 हजार रुपये लालगंज बाजार से एक दुकानदार से ठगी कर चोरी कर प्राप्त किये थे। हम लोगों ने अन्य जनपदों से भी ठगी कर पैसे चुराए थे, जो भी पैसा इकठ्ठा हुआ है। उसी पैसे से हम अपना खर्च चलाये हैं व जो पैसा बरामद हुआ है वह वही पैसा है। हम लोग ठगी कर चोरी करने के बाद अपने आप को बचाने के लिए गाड़ी का नम्बर प्लेट बदल देते हैं। बरामद रुपये में से 50 हजार रुपये मु0अ0सं0 314/2023 से सम्बन्धित हैं।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, एक युवक गंभीर रुप से हुआ जखमी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के महोखरी गांव के दो युवक शनिवार की देर शाम अपनी बाइक से लखनऊ के लिए निकले थे। अभी वह हैदरगढ़ के पास पहुंचे थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। वही दूसरे युवक को गंभीर हालत में उसे अस्पताल में एडमिट कराया गया है।

कोतवाली इलाके के महोखरी गांव के रहने वाले अंकित पाठक 25 वर्ष पुत्र राजकुमार पाठक गांव के रहने वाले अपने साथी सत्यम मिश्रा पुत्र हरिशंकर मिश्रा के साथ शनिवार की देर शाम दोनों बाइक से लखनऊ के लिए निकले थे। अभी वह हैदरगढ़ के पास पहुंचे थे कि इसी बीच सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें अंकित व सत्यम सड़क पर गिरकर घायल हो गए। जहां पर अंकित की घटनास्थल पर मौत हो गई। आसपास के लोगों ने मौके पर आए और 108 एंबुलेंस की मदद से घायल युवक को अस्पताल भिजवाया। घटना की जानकारी पुलिस को दी सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए इसकी जानकारी परिजनों

# गायब पल्सर बाइक का नहीं चल सका सुराग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अंतू थाना क्षेत्र के पूरे अंती गांव के युवक का रक्त रंजित शव चंदिकन के जंगल से बरामद किया गया था। उसकी पल्सर बाइक का सुराग आज तक नहीं लग पाया। अंतू पुलिस उसे नशेड़ी घोषित कर हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। परिजनों के मुताविक पुलिस बाइक बरामद करने को कौन कहे अभी तक मामले की रिपोर्ट तक दर्ज नही की है। जबकि घटना को हुए तीन दिन बीत गया है। पुलिस आज तक मृतक के उस दोस्त से भी पूछताछ करना मुनासिब नहीं समझा जो उसके साथ बाइक पर सवार होकर चंदिकन के लिए निकला था। गौरबारी बाजार में लगे सीसीटीवी में पल्सर बाइक पर तीन युवक जाते साफ दिख रहे है। पुलिस के मुताविक अब तो यह बात साबित हो गयी है कि अंतू इलाके में नशे का कारोबार खूब फल फूल रहा है।युवा नशे के लती बनते जा रहे है और असमय मौत के शिकार हो रहे है।दरोगा व सिपाही की स्मैक पीने का वीडियो वायरल होने पर पुलिस की किरकिरी शुरू हुई तो कमीशन पर नशे का काम करने वाले दो तीन लोगों से 10-20 ग्राम स्मैक बरामद कर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर ऐसा मैसेज देने का प्रयास किया कि वह बहुत बड़े तस्कर को गिरफ्तार कर लिया।

# सड़क पार कर रहे अधेड़ को कार ने कुचला दर्दनाक मौत

**अखंड भारत संदेश**

## अधेड़ की मौत के बाद परिवार में मचा कोहराम पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम भेजा



**कल्यानपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टेडीमोड शहजादपुर पुलिस चौकी के अंतर्गत केशऊवापुर के राष्ट्रीय राजमार्ग के पास सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दिया है जिससे उक्त व्यक्ति की घटना स्थल पर तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है मामले की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की मौके पर भीड़ लग गई मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है और रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के बम्हरौली गांव निवासी लालता प्रसाद उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र रामप्रकाश रविवार को कल्यानपुर बाजार सामान खरीदने आए थे कल्यानपुर बाजार से सामान खरीद कर लालता प्रसाद पैदल वापस घर जा रहे थे जैसे ही वह केशऊवापुर के पास पहुंचे प्रयागराज की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने लालता प्रसाद को जोर दार टक्कर मार दिया जिससे घटना स्थल पर ही लालता प्रसाद की तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की जानकारी मृतक के परिवार को दी गई सूचना मिलते ही रोते बिलखते मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए मामले की सूचना पुलिस को मिली मौके पर पहुंची पुलिस ने लालता प्रसाद के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

### हादसे के बाद वाहन चालक वाहन समेत फरार हो गया पुलिस कर रही है वाहन की तलाश



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** सांदीपन घाट थाना क्षेत्र के तेरह मील के पास रविवार की सुबह 8 बजे एक अधेड़ को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दिया है जिससे अधेड़ गंभीर घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा और तड़पने लगा हादसे के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गयी आनन-फानन में घायल अधेड़ को एंबुलेंस से मूरतगंज अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की जानकारी से परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के महगाव गांव निवासी भुग्गन उम्र 45 वर्ष पुत्र बैजू रविवार की सुबह 8 बजे काजीपुर बाजार जा रहे थे जैसे ही भुग्गन तेरह मील के पास पहुंचे तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी है जिससे वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर घायल हो गए मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई घायल भुग्गन को एंबुलेंस के जरिए स्थानीय अस्पताल मूरतगंज पहुंचाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है मामले की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी पहुंच गए और मौके पर कोहराम मचा हुआ है हादसे के बाद वाहन चालक वाहन समेत फरार हो गया है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

## न्यूज झरोखा

### अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा जनपदीय सम्मेलन सम्पन्न



**महेवाघाट कौशाम्बी।** रॉयल गेस्ट हाउस में करारी में शनिवार को अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के तत्वाधान में विश्वकर्मा सम्मेलन संपन्न हुआ सम्मेलन में संगठन को मजबूत करना और आने वाले चुनाव में संगठित होकर मतदान करना और विश्वकर्मा समाज को उचित सम्मान दिलाए जाने पर वक्ताओं ने चर्चा किया संचालक श्री चंद विश्वकर्मा ने किया कार्यक्रम की अध्यक्ष कौशांबी के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र विश्वकर्मा ने किया विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश सचिव कृष्णा प्रसाद विश्वकर्मा मुख्य अतिथि विश्वकर्मा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम आसरे विश्वकर्मा विग्रेद महानगर अध्यक्ष राजू विश्वकर्मा ब्रिगेडियर अध्यक्ष राजू विश्वकर्मा पूर्ण युवा जिला अध्यक्ष लाल प्रताप विश्वकर्मा और पूर्व युवा जिला सचिव दिनेश चंद्र विश्वकर्मा बीरेंद्र कुमार शर्मा पत्रकार संदीप विश्वकर्मा अमन विश्वकर्मा वीरभान सिंह चंद्रशेखर विश्वकर्मा सत्येंद्र विश्वकर्मा आदि विश्वकर्मा समाज के लोग मौजूद रहे

### बैंक रोड में जलभराव से हो रही दिक्कत



**कौशांबी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर के कस्बे के अंदर नाला नाली इंटरलॉकिंग सड़क मरम्मत के नाम पर कई करोड़ रुपए का बजट खर्च किए जाने के बाद मंझनपुर कस्बे में जलभराव की समस्या से निजात नहीं मिल सकी है कस्बे की तमाम गलियों में जलभराव होता है जिन सड़कों पर ठेकेदारों द्वारा इंटरलॉकिंग कराई गई है इंटरलॉकिंग लगाए जाने वाले राहगीरों को लगाए जाने के बजाय मजदूरों को लगाया गया है जिससे इंटरलॉकिंग समतल नहीं हुई है ऊबड़ खाबड़ के चलते सड़कों का पानी नाला में नहीं बह पाता है और नगर की सड़कों पर पानी भरा रहता है भारतीय स्टेट बैंक जाने वाली सड़क और उसके बाहर मुख्य सड़क की पटरी पर पानी भर जाने से बैंक जाने आने वाले ग्राहकों को दिक्कत होती है इस सड़क से तमाम नगर वासियों को अपने घर जाना पड़ता है जिन्हें जलभराव के बीच आने-जाने में दिक्कत होती है सड़क पर पानी भरा होने से वाहन के निकालने पर पानी के छीटे लोगों पर पड़ते हैं सड़क के किनारे कर्बला की चारदीवारी से लगाकर लाखो खर्च कर नाला का निर्माण कराया गया है अभिलेखों में ढक्कन लगाए गए हैं लेकिन मौके पर ढक्कन नहीं लगा है खुला नाला जहां दुर्घटना को दावत दे रहा है वहीं नाले से उठने वाली दुर्गंध से नगरवासी परेशान हैं लेकिन उसके बाद भी नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अधिकारी कस्बे की दुर्दशा को ठीक करने का प्रयास नहीं कर रहे हैं।

### थाना मंझनपुर में शहीदों की याद में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत सम्मान समारोह का आयोजन



**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर में शहीदों की याद में उनके परिजनों के सम्मान हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रभारी निरीक्षक थाना मंझनपुर द्वारा शहीद हृदयनारायण पुत्र स्व० हरिभजन निवासी ग्राम गलाकसद्दी चौकी समशाबाद थाना मंझनपुर के निवासी थे एवं सिकन्दराबाद में सिपाही के पद पर सेना में कार्यरत थे तथा शांति सेना में शामिल होकर श्रीलंका में ऑपरेशन पवन हेतु गए थे 18 जनवरी 1989 को श्रीलंका में आपरेशन पवन के दौरान गोली लगने से शहीद हो गए थे एवं शहीद सूरज प्रसाद मिश्रा पुत्र स्वङ्ग गोकुल प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम किरहरा चौकी समशाबाद थाना मंझनपुर के निवासी थे जम्मू कश्मीर में आर्मी में इलेक्ट्रिक मैकेनिकल इन्जीनियर के पद पर सेना में कार्यरत थे तथा 09 सितम्बर 2001 को कारगिल युद्ध में बम विस्फॉट के दौरान शहीद हो गए थे को श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया गया तथा शासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस की 76 वीं वर्षगांठ पर मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रकाश डाला गया तथा कार्यक्रम में मौजूद लोगों को राष्ट्र प्रेम के बारे में प्रेरित किया गया एवं शहीदों के परिजनों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान दोनों शहीदों के परिजनों ने शासन की इस पहल की सराहना करते हुए अपने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे अपने आप को बहुत गौरान्वित महसूस कर रहे रहे हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधियों सहित स्थानीय ग्रामीण लोगों द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी ली गई।

# जहरीली टाफी खाने से तीसरी बच्ची की भी हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**



**तीन दिन पूर्व एक परिवार की चार बच्चियों ने खाया था जहरीली ट्रॉफी अब तक तीन मासूम बच्ची की हो चुकी मौत अभी भी जीवन और मौत के बीच जूझ रही एक बच्ची**

**कौशाम्बी।** जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र के सौराई बुजुर्ग गांव में गुरुवार की सुबह जहरीली टाफी खाने से एक परिवार की 4 बच्चियां बेहोश हो गई थी दो बच्चियों की उसी दिन शाम को मौत हो गई है एक बच्ची की रविवार की सुबह फिर मौत हो गई है तीन बच्चियों की लगातार मौत से परिवार में कोहराम मचा है एक बच्ची अभी भी गंभीर हालत में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रही है। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के सौरई बुजुर्ग गांव में तीन दिन पहले गुरुवार को अधिवक्ता राजकुमार के घर में पड़ोसी ने मासूम बच्चो के बिस्तर पर जहरीली टाफी फेंक दी थी,जिसे खाने के बाद चार मासूम बच्चियों की हालत खराब हो गई,जिन्हे पहले सीएचसी इस्माइलपुर कड़ा में भर्ती कराया गया था लेकिन हालत में सुधार न होने पर सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था लेकिन जिला अस्पताल में भी बच्चियों की हालत में सुधार नहीं हुआ हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने सभी बच्चियों को प्रयागराज के अस्पताल में रेफर किया था जहा साधना और शालिनी दो सगी बहनों की उसी दिन शाम को मौत हो गई थी,जिसके बाद गंभीर हालत में भर्ती वर्षा की भी रविवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई,वही आरुषि अभी भी गंभीर हालत में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रही है बच्चियों की लगातार मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।वही जहरीली टाफी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# संचार क्रांति के नायक थे राजीव गांधी : अशीष कुमार पप्पू मिश्रा

**अखंड भारत संदेश**



**देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पद चिन्हों पर चलकर नूतन राष्ट्र के निर्माण में हिस्सेदारी को मजबूत किया जा सकता है**

**कौशाम्बी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री संचार क्रांति के नायक राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर जनपद मुख्यालय मंझनपुर में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कांग्रेस नेताओं ने उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया इस मौके पर कांग्रेस नेता आशीष कुमार पप्पू मिश्रा ने कहा कि देश में संचार सूचना क्रांति व कंप्यूटर की डिजिटल इंडिया की शुरूआत करने का श्रेय अगर किसी प्रधानमंत्री को जाता है तो वह राजीव गांधी है युवा प्रधानमंत्री बनने का श्रेय अगर किसी प्रधानमंत्री को मिला है तो वह भी राजीव गांधी है 20 अगस्त 1944 को राजीव गांधी का जन्म हुआ वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी की मां श्रीमती इंदिरा गांधी भी देश की प्रधानमंत्री रही और आयरन लेडी के नाम से विख्यात इंदिरा गांधी ने तमाम कठोर निर्णय लेकर विदेशी शक्तियों से भारत देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों को बलिदान कर दिया राजीव गांधी के जन्म दिवस पर एकत्रित कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता देश के युवाओं को सर्वप्रथम 18 वर्ष की उम्र के युवाओं को मताधिकार देकर तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने ऐतिहासिक और अभूतपूर्व कार्य किया। कांग्रेस जनों द्वारा मुख्यालय मंझनपुर में राजीव गांधी की 79 जयंती पर राजीव गांधी को नमन करते हुए उनके योगदान की चर्चा की गोष्ठी की अध्यक्षता कांग्रेस नेता आशीष कुमार पप्पू मिश्रा ने किया कांग्रेस जनों ने कहा कि विदेशी शक्तियों से देश की रक्षा करने में कुर्बानियां और बलिदान देश में गांधी परिवार ने दिया है कांग्रेस नेताओं ने कहा कि गांधी परिवार ने हमेशा बढ़ चढ़कर देश की संप्रभुता एकता और अखंडता पर भागीदारी की है देश उनके कृतियों को हमेशा हमेशा याद करेगा इस मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि आज हम सब की जिम्मेदारी है कि उनके पद चिन्हों पर चलकर नूतन राष्ट्र के निर्माण में हिस्सेदारी को मजबूत किया जा सकता है इस मौके पर देवेश श्रीवास्तव ,सत्येंद्र प्रताप सिंह कौशलेश द्विवेदी, विनोद चौधरी, लालचंद ,वाल्मीकि मोहम्मद, सफीक, मोहम्मद हारुन ,मकसूद खान, सचिन शुक्ला, अमित तिवारी, नरेंद्र कुमार सिंह, शिवम तिवारी ,अब्दुल कलाम, बरसाती पांडा रवि प्रकाश, शशि त्रिपाठी, श्याम मूर्ति तिवारी दुर्गेश ,विजय यादव, वरिष्ठ नेता युगल किशोर त्रिपाठी, आशीष कुमार पप्पू मिश्रा राजकुमार यादव पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष आबिदा बेगम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# प्रत्येक घर नल से पहुंचेगा शुद्ध जल : सीडीओ

**अखंड भारत संदेश**

## एक दिवसीय जनपद स्तरीय जन-जागरूकता कार्यशाला का आयोजन




**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने शुक्रवार को उदयन सभागार में जल-जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था संज्ञान के द्वारा आयोजित एक दिवसीय जनपद स्तरीय जन-जागरूकता कार्यशाला का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जल-जीवन मिशन के तहत हर-घर नल से जल सरकार की महत्वाकॉक्षी योजना है। इस योजना के तहत प्रत्येक घर नल से शुद्ध जल पहुॅचेगा। जल एवं स्वच्छता दोनों जीवन के लिए महत्वपूर्ण घटक हैं। शुद्ध जल पहुॅचने से जल जनित रोगों से बचाव भी हो सकेंगा। उन्होंने लोगों से आवाह्न किया कि जल को बेवजह व्यर्थ न किया जाय। हम सभी को जल का संरक्षण करना चाहिए। स्वच्छता रखने से भी हम सब कई बीमारियों से बच सकतें हैं। कार्यशाला में गीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता एवं दूषित जल जनित बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहें वाटर हेड टैंक का निर्माण, प्रत्येक परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाना, प्रत्येक विकास खण्ड के प्रत्येक ग्राम पंचायत में ह्लजल दूतह्व के रूप में विभिन्न टीमों को रवाना किये जाने तथा इण्डिया मार्का हैण्डपम्पों का जॉच कर जल गुणवत्ता के बारे में जन समुदाय को प्रेरित करना आदि पर विस्तृत प्रकाश डाला गया इस अवसर पर उप जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार एवं अधिशासी अभियंता जल निगम श्री जयपाल सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा संज्ञान संस्था की ओर से प्रदीप सहाय, अनिल सिंह, विवेक राय, राजेशमणि त्रिपाठी, हरिओम सिंह एवं वीएन पाठक आदि उपस्थित रहें।

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त राधेश्याम पुत्र जगमोहन निवासी नगरहा थाना पश्चिम शरीरा को पुनवार नहर पुलिया के पास से 01 किलो 100 ग्राम नाजायज गांजा के साथ गिरफ्तार करनगिरफ्तारी व बरादमगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### तीन वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त मो0 सकील पुत्र हसीन अहमद निवासी गांधी नगर व इन्द्रेश पुत्र गुल्जार निवासी छोकरियन का पुरवा थाना मंझनपुर थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वारटी अभियुक्त सरवन कुमार पुत्र पियारे लाल निवासी लाधन का पुरा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# आबकारी के विभीषण के चलते अधिकारी की कार्यवाही हो रही फ्लाप

**अखंड भारत संदेश**

**पिपरी थाना क्षेत्र में शराब कारोबारियों को पकड़ने गई आबकारी टीम को लौटना पड़ा खाली हांथ**

**नेवादा कौशाम्बी।** आबकारी विभाग में विभीषण के चलते अधिकारियों की कार्यवाही फ़्लॉप होती जा रही है जिससे आबकारी विभाग अवैध कार्यों पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है विभाग को अपने विभीषण को चिन्हित कर उन पर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है तभी आबकारी विभाग अवैध कारोबारी पर कार्रवाई करने में सफल होगा। पिपरी थाना क्षेत्र के औधन गांव मे आबकारी टीम अवैध जहरीली शराब के कारोबारियों को पकड़ने गई थी लेकिन विभाग के अफसर के पहुंचने के पूर्व शराब भट्टी संचालकों को अफसर के आने की जानकारी लग गई जिससे वह मौके से फरार हो गए जिसके चलते आबकारी अधिकारियों को बिना कार्यवाही के मायूस होकर खाली हांथ लौटना पड़ा था आखिर बिभाग का बिभीषन कौन है जो अवैध कारोबारियों तक आबकारी अफसरों की कार्रवाई की सूचना पहुंचा रहा है आखिर इस विभागीय विभीषण का अवैध कारोबारियों से क्या रिश्ता है इसकी जांच कराए जाने की जरूरत है शराब कारोबारियों तक संदेश पहुंचाने वाले बिभीषन को चिन्हित कर उस पर कठोर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है।

# लंबे-चौड़े बिल के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही बिजली

**अखंड भारत संदेश**

**करारी कौशांबी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार भले ही बिजली सप्लाई के लिए रोस्टर बनाकर 18 घंटा और 24 घंटा बिजली सप्लाई का निर्देश दे रही हो लेकिन पावर कॉरपोरेशन के अधिकारी योगी सरकार की बात मानने को तैयार नहीं है बिजली विभाग के अधिकारी बेलगाम हो गए हैं बिल बनाकर जनता से धन की वसूली तो बेखौफ तरीके से कर रहे हैं बकाया होने पर नोटिस दी जाती है बकाया वसूली के लिए विद्युत सप्लाई काट दी जाती है बिजली बिल बकाया नहीं जमा होने पर तहसील को रिकवरी भेज दी जाती है विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों की लापरवाही या तानाशाही से खूब फर्जी बिलिंग होती है बिल सुधार करने के लिए उपभोक्ता विभाग का चक्कर लगाते रहते हैं जगह जगह पर उपभोक्ता का बिजली विभाग द्वारा जमकर शोषण किया जाता है छोटी-छोटी बात पर मुकदमा दर्ज कराकर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न होता है लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई नहीं दे पाते हैं आखिर बिना बिजली सप्लाई करने वाले बिजली विभाग के अफसर जनता के साथ धोखा धड़ी और ठगी कर रहे हैं लेकिन इसके खिलाफ धोखाधड़ी और ठगी का मुकदमा कौन दर्ज कराएगा जिससे आम जनमानस का शोषण बंद हो सके। करारी क्षेत्र के बरई बंधवा सहित तमाम गांव में 2 घंटे भी बिजली सप्लाई नहीं मिलती है किसानों के फसलों की सिंचाई नहीं हो पाती है स्कूली छात्रों की पढ़ाई बाधित हो रही है गर्मी के दिनों में आम जनमानस परेशान दिखाई पड़ रहा है। रात के अंधेरे में चोर उचक्कों का भी आवागमन बढ़ गया है लेकिन उसके बाद भी लंबा चौड़ा बिल वसूल करने वाले बिजली विभाग के अधिकारी विद्युत की आपूर्ति नहीं दे पा रहे हैं। जब बिजली की आपूर्ति नहीं दे पा रहे है तो इन्हें बिल लेने का क्या अधिकार है। बिना बिजली सप्लाई के बिल वसूली करने वाले विद्युत अधिकारियों के कारनामों को योगी सरकार को गंभीरता से लेना होगा। आखिर ग्रामीण क्षेत्र की बिजली सप्लाई किस फैक्ट्री और किस संस्थान को देकर बिजली अफसर चोरी करने में मशगूल हैं। बिना बिजली सप्लाई दिए विद्युत बिल की वसूली करने वाले अधिकारियों के कारनामों पर सरकार ने जांच कराई तो प्रदेश में बिजली विभाग का बड़ा घोटाला उजागर होना तय है।

## करारी कस्बे में घर में घुसकर बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े चोरी को दिया अंजाम

**करारी कौशाम्बी।** जिले के करारी कस्बे में बेखौफ चोरों ने कस्बे के एक घर को दिन दहाड़े निशाना बनाया और घर में घुसकर आलमारी तोड़कर लाखो रुपए का माल पार कर दिया,दिनदहाड़े हुई घटना से हड़कंप मच गया,सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है है।करारी थाना क्षेत्र के करारी के अशोक नगर मोहल्ले में घर में सो रही मां बेटी को स्प्रे सुंघाकर आलमारी को तोड़कर उसमे रखे नगदी,सोने और चांदी के जेवर सहित लाखो का माल पार कर दिया। पीड़ित परिवार के मुताबिक सोते वक्त स्प्रे डालकर 3600 रुपए, अंगूठी, एक मोबाइल, 2 कान का टप और 2 जोड़ी चांदी की पायल अलमारी का लाकर तोड़कर चोर चोरी कर ले गए।मां बेटी के होश में आने पर उन्होंने पुलिस से इसकी शिकायत की,शिकायत के बाद हरकत में आई पुलिस मामले ले जांच के जुट गई है।

# तालाब वाली सड़क में आवागमन में दिक्कत झेल रहे ग्रामीण

**अखंड भारत संदेश**

## सड़क में जानलेवा गड्ढे से आए दिन हो हो रही दुर्घटनाएं



**कौशाम्बी।** सड़क में इस कदर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं कि समझ में नहीं आता कि यह सड़क है कि तालाब बन चुकी है लेकिन उसके बाद भी तालाब बन चुकी सड़क की मरम्मत कराने का विभागीय अधिकारियों ने महीनों बीत जाने के बाद भी प्रयास नहीं किया है पश्चिम सरीरा से महेवाघाट जाने वाली सड़क में बैरामपुर और उसके आसपास बीच सड़क पर कई बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं घटिया निर्माण के चलते पूरी सड़क बह गई है सड़कों में पूरे वर्ष पानी भरा रहता है जिससे इन गड्ढों में आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं सड़क के गड्ढों में गिरकर वाहन सवार कई बार तो गंभीर तरीके से लहूलुहान हो चुके हैं लेकिन गड्ढा मुक्त सड़कों का दावा करने वाले अधिकारियों की नजर इस सड़क पर नहीं जा रही है ग्रामीणों द्वारा बार-बार विभागीय अधिकारियों से कहने के बाद भी बैरम पुर की इस मुख्य सड़क के बीच में बड़े-बड़े गड्ढे को समतल नहीं कराया गया है एक तरफ योगी सरकार कह रही है कि उत्तर प्रदेश की सड़कें गड्ढा मुक्त है लेकिन योगी सरकार के अधिकारियों ने बैरमपुर में धीरेंद्र संकुल के घर के आसपास सड़क के गड्ढे को देखने का प्रयास नहीं किया है एसी रूम से निकलकर विभागीय अधिकारी गांव क्षेत्र में जाना ही नहीं चाहते हैं। महेवाघाट पश्चिम सरीरा सड़क में बैरमपुर गांव के पास धीरेंद्र संकुल के घर के आसपास सड़क में बड़े-बड़े कई गड्ढे हैं काफी दूर तक पूरी सड़क बह गई है जिसमें हमेशा पानी भरा रहता है यह सड़क जानलेवा हो चुकी है और इस सड़क को सड़क कहने में ग्रामीणों को शर्म आती है विभागीय अधिकारियों को जानकारी दिए जाने के कई महीने बीत जाने के बाद भी सड़क के गड्ढे विभागीय अफसरों ने ठीक नहीं किया है सड़कों की गिट्टियां उखाड़कर चारों ओर बिखर गई हैं बारिश के दिनों में सड़क के गड्ढे में अधिक पानी भर जाने से राहगीरों को गड्ढा दिखाई नहीं पड़ता है और अचानक वाहन का पहिया गड्ढे में चले जाने से वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो जाता है और वाहन सवार लहूलुहान हो जाता है लेकिन उसके बाद भी विभागीय अफसरों का ध्यान सड़क मरम्मत की ओर नहीं जा रहा है आखिर योगी सरकार के गड्ढा मुक्त अभियान का पालन करने में विभागीय अफसर क्यो उदासीन बने हुए हैं यह विभागीय व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं इलाके के लोगों ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सड़क के गड्ढे को समतल करा कर लापरवाह अफसरों पर कार्रवाई की मांग की है।

संपादकीय

# आज नारी लगातार सशक्त हो रही है...

**किसी ने** क्या खूब लिखा है -' नारी माता, बहन है, नारी जग का मूल। नारी चंडी रूप है, नारी कोमल फूल।।' आज नारी दुनिया के हर क्षेत्र में अपनी सफलता के झंडे गाड़ रही है और नारी ने आज यह साबित कर दिखाया है कि वह किसी भी स्थिति में पुरूषों से कमतर नहीं है। आज नारी लगातार सशक्त हो रही है, समाज की दिशा व दशा दोनों बदल रही है और पुरूषों के समान हर कार्य कर रही है। हम यह बात कह सकते हैं कि -'अबला से सबला हुई, देखो नारी आज।नारी के सहयोग से, उन्नत बने समाज।।' बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि आज महिलाएं अपने जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं ले रहीं हैं, महिलाएं आज परिवार और समाज के बंधनों से मुक्त होकर अपने निर्णयों की निमार्ता बन रहीं हैं।महिलाओं को सामाजिक असमानता, पारिवारिक हिंसा, अत्याचार और आर्थिक अनिर्भरता जैसे विकारों से छुटकारा पाना है, तो इसके लिए महिला सशक्तिकरण की बहुत जरुरत है और इसी क्रम में आज महिलाएं लगातार आगे आ रहीं हैं। हाल ही में सिविल सेवा परीक्षा परिणामों में लड़कियों का बेहतरीन प्रदर्शन यह साबित करता है कि महिलाएं आज के समय में स्वयं को लगातार सशक्त कर रहीं हैं और देश और समाज के लिए नित नये प्रतिमानों को गढ़ रहीं हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि लगभग 2 दशक पहले तक यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा की चयन सूची में महिलाओं की भागीदारी महज 20 फीसदी ही थी जबकि वर्ष 2019 में ये भागीदारी 29 फीसदी तक पहुंच गई और इस साल ये 34 प्रतिशत रही है, जो बहुत ही अच्छी बात है। बताया जा रहा है और इस बार 933 में से 320 महिलाएं हैं, जो करीब पिछले साल की तुलना में 9 फीसदी ज्यादा है। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि हमारे देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी ने कुछ समय पहले यह बात कही थी कि महिलाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में की गई तरक्की भारत में हो रहे बदलाव की झलक पेश करती है। इस साल सिविल सेवा परीक्षा में महिलाओं के शीर्ष चार स्थान हासिल करने का खासतौर पर जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि समान अवसर दिए जाने पर बेटियां लड़कों से बेहतर प्रदर्शन कर सकती हैं। वास्तव में,यू.पी.एस.सी. यानी कि संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा का अपने आप में बहुत बड़ा महत्व इसलिए है क्योंकि हमारे देश के प्रशासन को इस परीक्षा में चयनित अभ्यर्थी ही सक्षम नेतृत्व देते हैं। नारी शक्ति ने सिविल सेवा परीक्षा में उच्च स्थानों को प्राप्त कर यह साबित कर दिखाया है कि वे देश की बागडोर को अपने उज्ज्वल कदमों से एक नयी प्रगति, उन्नयन प्रदान कर सकतीं हैं और देश निर्माण में अपना अहम व महत्वपूर्ण योगदान देकर देश को ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमताएं रखतीं हैं। गौरतलब है कि इस परीक्षा के परिणामों पर प्रतिक्रिया देते हुए हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह बात कही है कि इस अमृत महोत्सव के वर्ष में जब देश की आजादी, विकास और प्रगतिशीलता खुलकर सांस ले रही है, उसमें लड़कियों का आगे बढ़कर पहले तीन चार स्थानों पर सफल होना अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है।यह वो नया भारत है जहां लड़कियां कंधे से कंधा मिलाकर लड़कों के साथ चल रही हैं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण है कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा-2022 में महिलाओं ने शीर्ष चार रैंक हासिल कीं। इसमें भी सबसे बड़ी बात यह है कि शीर्ष 20 रैंकों में से 12 महिलाओं ने हासिल कीं। पाठकों को यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि सिविल सेवा परीक्षा यानी कि सी एस ई 2021 के दौरान भी 685 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है और इसमें भी टॉप तीन रैंकों पर लड़कियों का कब्जा रहा था। उल्लेखनीय है कि सिविल सेवा परीक्षा वर्ष 2021 में पहली रैंक श्रुति शर्मा ने दूसरी रैंक अंकिता अग्रवाल ने और तीसरी रैंक गामिनी सिंगला ने हासिल की थी। इस परीक्षा में उतीर्ण होने वाले 685 अभ्यर्थियों में सामान्य वर्ग के 244, ईडब्ल्यूएस वर्ग के 73, ओसीबी वर्ग के 203, एससी वर्ग के 105 और एसटी वर्ग के 60 अभ्यर्थी शामिल थे। जानकारी देना चाहूंगा कि इस बार परीक्षा में इशिता किशोर ने पहला स्थान हासिल किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से अर्थशास्त्र (ऑनर्स) में स्नातक, उन्होंने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में राजनीति विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय संबंध को चुना।गरिमा लोहिया ने सिविल सेवा परीक्षा में दूसरी रैंक हासिल की। वे दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोरीमल कॉलेज से वाणिज्य में स्नातक हैं तथा, उन्होंने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में वाणिज्य और अकाउंटेंसी को चुना और तीसरे स्थान पर उमा हरथी एन रहीं हैं, जिन्होंने बी.टेक से स्नातक किया है। वे सिविल इंजीनियरिंग में आईआईटी (हैदराबाद) हैं। इस परीक्षा में स्मृति मिश्रा चौथे स्थान पर रहीं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस कॉलेज से जूलॉजी में स्नातक की पढ़ाई की और परीक्षा के लिए जूलॉजी को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुना। वास्तव में सिविल सेवा परीक्षा में महिलाओं का उच्च स्थानों को प्राप्त करना सिविल सेवाओं के भीतर लिंग प्रतिनिधित्व में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देता है। वास्तव में भारत वास्तव में तभी सफल होगा जब महिलाओं को हमारे समाज में समान स्थान मिलेगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी का यह मानना ??था कि महिलाएं भारत को सभी स्तरों पर बदलने के लिए बहुत कुछ कर सकती हैं। यह एक कड़वा सच है कि पितृसत्तात्मक समाज में महिलाएं हमेशा से उत्पीड़ित रही हैं, लेकिन आज महिलाएं लगातार आगे आ रहीं हैं और स्वयं को सशक्त कर रहीं हैं।आज ट्रेन से लेकर प्लेन चलाने में महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं और राजनीति में भी उनके योगदान को नकारा नहीं जा सकता। बैंकिंग का क्षेत्र हो, शिक्षा का क्षेत्र हो, सेना हो, खेल हो, कृषि क्षेत्र हो, अंतरिक्ष का क्षेत्र हो, कंप्यूटर , इंटरनेट, फिल्म, इंजीनियरिंग, मेडिकल, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक कोई भी क्षेत्र हो,दरअसल, महिलाओं ने देश की आजादी से लेकर सरकार तक चलाने तक में अपनी अहम और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# कलियुग के अंत में होने वाले भावी भगवान कल्कि

**अशोक प्रवृद्ध**

**पौराणिक** मान्यतानुसार भगवान विष्णु केसतयुग, त्रेतायुग और द्वापर युग में अब तक मत्स्य, कूर्म, वराह, नरसिंह, वामन, परशुराम, राम, कृष्ण और बुद्धकुल नौ अवतार हो चुके हैं, और दसवें व अंतिम अवतार भगवान कल्कि के इस धरा पर अवतरण होने का इंतजार अभी चल रहा है। भगवान कल्कि का प्रकट होना अभी बाकी है।कल्कि अवतार को विष्णु का भावी और अंतिम अवतार माना गया है। पुराणों में कल्कि अवतार के कलियुग के अंतिम चरण में आने की भविष्यवाणी की गई है।वर्तमान में कलियुग का प्रथम चरण ही चल रहा है, लेकिन अभी से ही कलियुग के अंतिम चरण में होने वाले भावी कल्कि अवतार के लिए पूजा-पाठ और कर्मकांड आदि शुरू हो चुके हैं।अभी से ही भावी कल्कि अवतार के कथा, पुराण और जयंती पर्व तक प्रचलन मेंआ गएहैं। कल्कि भगवान की पूजा के लिए कई स्थानों पर मन्दिर भी बनाए जा चुके हैं।सबसे विशाल मन्दिर जयपुर राजस्थान में बना हुआ है। कल्कि अवतार की सम्भावित जन्मतिथि श्रावण शुक्ल षष्ठी को कल्कि जयंती के रूप में मनाने का प्रचलन भी है।बिना अवतार लिए ही प्रतिवर्ष कल्कि नामक इस भावी देवता की जयंतीलगभग 300 वर्षों से मनाई जा रही है। इस जयंती को विधिवत मनाने की शुरूआत राजस्थान के मावजी महाराज ने की थी।श्रावण माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को कल्कि जयंती मनाई जाती है। इस वर्ष 2023 में कल्कि अवतार की जयंती 22 अगस्त को मनाई जाएगी। कल्कि अवतार संबंधी वर्णन विष्णु पुराण, भागवत पुराण, भविष्य पुराण व विष्णु से संबंधित अन्य पौराणिक ग्रंथों में अंकित हैं। कल्कि पुराण तो सम्पूर्ण रूप से कल्कि अवतार को ही समर्पित है।पौराणिक ग्रंथों के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण के प्रस्थान से कलियुग की शुरूआत हुई थी। नन्द वंश के राज से कलियुग में वृद्धि हुई, वहीं भगवान



कल्कि के अवतार से कलियुग का अंत होगा। कलियुग की अवधि 4,32,000 वर्ष बताई गई है। वर्तमान में कलियुग के 5,124 वर्ष व्यतीत हो चुके है।मान्यता के अनुसार जब कलयुग अपने चरम पर होगा, तब भगवान विष्णु अपने दसवें अवतार में भगवान कल्कि रूप में इस पृथ्वी पर अवतरित होंगे। और कलयुग का अंत कर एक नई सृष्टि का सृजन कर मनुष्य को सनातन वैदिक धर्म पर आरूढ़ कराएंगे। उनका 64 कलाओं से युक्त यह अवतार कलियुग और सतयुग के संधि काल में होगा। इसीलिए भगवान कल्कि के आगमन को चिह्नित करने के लिए प्रतिवर्ष सावन के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को कल्कि जयंती के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक ग्रंथों में युग परिवर्तनकारी भगवान कल्कि के अवतार का प्रयोजन विश्व कल्याणार्थ बताते हुए कहा गया है कि यह अवतार निष्कलंक भगवान के नाम से भी जाना जायेगा। संस्कृत शब्द कालका से कल्किशब्द की उत्पति हुई है। कल्कि नाम ब्रह्मांड से सभी प्रकारके अधर्म, बुराई, गंदगी और कचरे को समाप्त करने वाले व्यक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान विष्णु भगवान अंधेरे बलों और इस संसार से अधर्म, बुराई को दूर करने के लिए कल्कि के रूप में प्रकट होंगे, और इस ब्रह्मांड में धर्म और शांति का स्थापनकरेंगे।पौराणिक ग्रंथों के अनुसार भगवान कल्कि का अवतार संभल नामक ग्राम में होगा।श्रीमद्भागवत पुराण के 12वें स्कंद के 24वें श्लोक में गुरु, सूर्य और चन्द्रमा के एक साथ पुष्य नक्षत्र में प्रवेश करने पर भगवान कल्कि का जन्म होने की भविष्यवाणी करते हुए कहा गया है-

सम्भलग्राममुख्यस्य ब्राह्मणस्य महात्मनः।
भवने विष्णुयशसः कल्किः प्रादुर्भविष्यति।।

पौराणिक ग्रंथों में कल्कि अवतार का संभल ग्राम में होने का उल्लेख तो किया गया है, परंतु अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि कल्कि अवतार का जन्म स्थान बताया जाने वाला संभल कहां, कौन से राज्य और किस जिले में स्थित है? कुछ लोग इसे उड़ीसा का संभल (संभरम्भ) ग्राम मानते हैं, तो कुछ का कहना है कि उत्तरप्रदेश के गंगा और रामगंगा के बीच बसे मुरादाबाद ज़िले का संभल गाँव ही कल्कि अवतार का जन्म स्थान होगा। कुछ भारत के मथुरा के पास स्थित वृन्दावन नामक ग्राम को मानते हैं।कुछ अन्य इसे चाइना के क्षेत्राधिकार के मरुस्थल में स्थित संभल गाँव मानते हैं।स्पष्ट है, अभी तक इनके जन्म स्थान के बारे में सर्वमान्य स्पष्ट राय नही बन पाई है। मान्यतानुसार कलियुग के अंत में अधर्म का नाश कर सतयुग की पुनर्स्थापना के लिए कल्कि अवतार संभल नामक ग्राम मेंविष्णुयश नामक एक गौड़ ब्राह्मण परिवार में होगा।इनके जन्म के समय चन्द्रमा धनिष्ठा नक्षत्र और कुंभ राशि में होगा। सूर्य तुला राशि में स्वाति नक्षत्र में गोचर करेगा। गुरु स्वराशि धनु में और शनि अपनी उच्च राशि तुला में विराजमान होगा। इनकी माता का नाम सुमति होगा।अपने माता-पिता की पांचवीं संतान कल्कि यथासमय देवदत्त नाम के घोड़े पर आरूढ़ होकर अपनी कराल करवाल अर्थात तलवार से दुष्टों का संहार करेंगे। तब सतयुग का प्रारंभ होगा।इनके बड़े भाईयों का नाम सुमंत, प्राज्ञ, कवी होगा।याज्ञवलक्य उनके पुरोहित और भगवान परशुराम उनके गुरू होंगे। भगवान कल्कि की दो पत्नियाँ होंगी- लक्ष्मी रूपी पद्मा और वैष्णवी शक्ति रूपी रमा। इनके संतानों का नाम जय, विजय, मेघमाल, बलाहक होगा।वह ब्राह्मण कुमार बहुत ही बलवान, बुद्धिमान और पराक्रमी होंगे और मन में सोचते ही उनके पास वाहन, अस्त्र-शस्त्र, योद्धा और कवच उपस्थित हो जाएंगे। वे सब दुष्टों का नाश करेंगे। इस कार्य में इनका साथ श्रीराम भक्त हनुमान देंगे। पौराणिक ग्रंथों में निष्कलंक अवतार कल्कि के स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा गया है कि भगवान का स्वरूप अर्थात सगुण रूप परम दिव्य होता है। दिव्य अर्थात दैवीय गुणों से संपन्न। वे श्वेत अश्व पर सवार हैं। भगवान का रंग गोरा है, परंतु क्रोध में काला भी हो जाता है। वे पीले वस्त्र धारण किए हैं। उनके हृदय पर श्रीवत्स का चिह्न अंकित है। गले में कौस्तुभ मणि है। स्वयं उनका मुख पूर्व की ओर है तथा अश्व दक्षिण में देखता प्रतीत होता है। कल्कि का यह चित्रण कल्कि की सक्रियता और गति की ओर संकेत करता है। युद्ध के समय उनके हाथों में दो तलवारें होती हैं। पुराणों मे कल्कि को सफेद रंग के घोड़े पर सवार हो कर आततायियों पर प्रहार करते हुए चित्रित किया गया है। इसका अर्थ है- उनके आक्रमण में शांति अर्थात श्वेत रंग, शक्ति अर्थात अश्व और परिष्कार अर्थात युद्ध लगे हुए हैं। तलवार और धनुष को हथियारों के रूप में उपयोग करने का अर्थ है कि समीपस्थ व दूरस्थ दोनों तरह की दुष्ट प्रवृत्तियों का निवारण। कल्कि की यह रणनीति समाज के विचारों, मान्यताओं और गतिविधियों की दिशाधारा में बदलाव का प्रतीक ही है।कल्कि देवताओं के आठ सर्वोच्च गुणों का प्रतीक है। उनका मुख्य उद्देश्य एक विश्वासहीन संसार की मुक्ति है। कलयुग को अंधेरे के प्रतीक युग के रूप में माना जाता है, जहां लोग धर्म और विश्वास को नजरअंदाजकर देते हैं और वे भौतिकवादी महत्वाकांक्षा और लालच में अपने उद्देश्य को भूल जाते हैं। मान्यता है कि विभिन्न भ्रष्ट राजाओं की हत्या के बाद, भगवान कल्कि मनुष्यों के दिलों में भक्ति का भाव जगाएंगे। लोग धर्म के मार्ग का अवलंबन और शुद्धता के युग का पालन करना शुरू कर देंगे, जिससे सनातन वैदिक धर्म पर विश्वास पुनः वापस आ जाएगा। भगवान विष्णु के सबसे क्रूर अवतारों में से एक माने जाने वाले कल्कि अवतार की इस कथा को शाक्तगण देवी काली के साथ भी जोड़कर देखते हैं। उनका कहना है कि काली देवता की तस्वीर में सफेद घोड़े पर सवार हाथ में तलवार लिए दिखाई देने वाले कल्कि भगवान ही हैं, जिनके घोड़े के तीन पैर जमीन पर हैं,जबकि एक हवा में हैं।उनका मानना है कि सफेद घोड़े का यह पैर धीरे-धीरे जमीन पर आ रहा हैं, जिस दिन यह पूर्णतया जमीन पर आ जाएगा।

# भारत की आर्थिक छलांग के लिए यूपी महत्वपूर्ण क्यों?

**आर.के. सिन्हा**

**आप उत्तर** प्रदेश के किसी भी शहर में आज दिन या रात को जाएं तो आपको एक दशक पहले की तुलना में अभूतपूर्व अंतर दिखाई देगा। नोएडा से लेकर आगरा और कानपुर से लेकर बनारस तक, आपको हर जगह चमचमाते बाजार, मॉल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान दिखाई देंगे। यूपी में किसी से भी बात करें, निश्चित रूप से वह अब यही कहता है कि यूपी आगे बढ़ रहा है और कानून-व्यवस्था बिल्कुल ठीक है। नए उत्तर प्रदेश में आपका स्वागत है, जो बड़ी संख्या में पर्यटकों और निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। यहां आर्थिक गतिविधियां तीव्र गति से संचालित की जा रही है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिल्कुल सही कहते हैं कि उनका राज्य बीमारु श्रेणी से बाहर निकलकर अब सक्षम राज्य बनने की ओर अग्रसर है। उनकी यह टिप्पणी नीति आयोग द्वारा जारी उस रिपोर्ट के बाद आयी, जिसमें कहा गया कि भारत में 2015-16 से 2019-21 के बीच 13.5करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी की रेखा से ऊपर उठकर बाहर निकले। गरीबों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट वाले राज्यों में यूपी शीर्ष पर है। यूपी में गरीबी में सर्वाधिक कमी वाले जिले महराजगंज (29.64%), गोंडा (29.55%),बलरामपुर (27.9%), कौशांबी (25.75%),लखीमपुर खीरी (25.33%), श्रावस्ती (24.42%), जौनपुर ( 26.65%), बस्ती (23.36%),गाजीपुर (22.83%), कुशीनगर (22.28%),और चित्रकूट (21.40%) है। जो लोग यूपी को जानते हैं वे आपको बताएंगे कि इन जिलों की हालत पहले बहुत खराब थी। इसलिए यदि भगवान राम और कृष्ण की जन्मस्थली यूपी से दिल को छू लेने वाली ऐसी सुखद खबर आ रही है तो यह न केवल राज्य बल्कि पूरे देश के लिए एक शुभ संकेत है।

बीमारू (हिंदी में बीमार) शब्द का प्रयोग अक्सर बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश को संदर्भित करने के लिए किया जाता रहा है। आमतौर पर इसका अर्थ यह होता है कि ये राज्य आर्थिक विकास, स्वास्थ्य,शिक्षा , कुपोषण , सड़क , बिजली , पानी समेत अन्य सभी सूचकांकों में पिछड़े हुए हैं। भारत को यदि 10 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है तो इसके लिए बडी आबादी वाले उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय को बढाना भी अति आवश्यक है। यह भी सत्य है कि नए परिसीमन के चलते उत्तर प्रदेश पूर्व के मुकाबले राजनीतिक रूप से आज अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। भारत के आर्थिक लक्ष्यों की प्राप्ति में बड़ी भूमिका के निर्वाहन में यूपी, समाज के विभिन्न स्तरों के साथ राजनीतिक नेतृत्व के जरिए योगदान दे सकता है। यदि उत्तर प्रदेश नेतृत्व करे तो इसमें कोई शक नहीं कि भारत एक प्रमुख राजनीतिक शक्ति बन सकता है। यूपी को आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अनुसंधान एवं विकास, आईपी और एआई के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन, रक्षा उत्पादों के निर्माण और फार्मास्यूटिकल्स सरीखे उद्योगों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने दावा किया कि 2015-2016 से 2019-2021 तक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में उत्तर प्रदेश में गरीबों की संख्या में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई। राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक से पता चला है कि इस अवधि के दौरान 13.5 करोड़ लोगों में से अकेले यूपी में 3.43 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले। यह एक चौंका देने वाली संख्या है।

36 राज्यों,केंद्र शासित प्रदेशों और 707 प्रशासनिक जिलों पर केंद्रित रिपोर्ट उत्तर प्रदेश में सबसे तेज गति से गरीबों की संख्या में कमी का इशारा करती है। गरीबी कम होने के मामले में बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान जैसे राज्य यूपी के बाद ही आते हैं। सरकार ने दावा किया है कि रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि राज्य भर के गांवों में गरीबों की संख्या तेजी से घटी है। इतना ही नहीं स्वास्थ्य,शिक्षा, जीवन की गुणवत्ता सरीखे मानकों पर भी बेहतरीन परिणाम दिखे हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट पर आगरा के उद्यमी और रोटरी क्लब के प्रमुख मनीष मित्तल कहते हैं कि पूरे उत्तर प्रदेश में उत्साहजनक माहौल है। राज्य सभी क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है। मेरा विश्वास करें, हमारा व्यवसाय अच्छा चल रहा है और हम आर्थिक विकास में एक लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार हैं। काम के इच्छुक लोगों के लिए काम की कोई कमी नहीं है। नीति आयोग की रिपोर्ट कहती है, पोषण से वंचित गरीबों की संख्या 2015-16 में 30.40%से घटकर 2019-21 में 18.45%रह गई है। इसमें कहा गया है कि बच्चों और किशोरों की मृत्यु दर में भी सुधार हुआ है, जो 2015-16 में 3.81%से गिरकर 2019-21 में 2.20%हो गई है। राज्य में मातृ स्वास्थ्य में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मातृ मृत्यु दर 2015-16 में 25.20% से घटकर 2019-21में 15.97% हो गई है। इसके अलावा, खाना पकाने के ईंधन तक पहुंच नहीं रखने वाले गरीबों का प्रतिशत 2015-16 में 34.24% के मुकाबले 2019-21 में 17.95% था। इसके अलावा पीने के पानी से वंचित लोगों की संख्या 2015-16 में 2.09%के मुकाबले 2019-21 में 0.93%हो गई। इसमें कोई दो राय नहीं कि कभी विकास के पैमाने पर पिछडे यूपी में आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चौतरफा विकास हो रहा है। खैर, आज दुनिया भी यह मानने लगी है कि उत्तर प्रदेश अब गरीब और बीमारू राज्य नहीं है, बल्कि एक ऐसा राज्य है जहां पिछले छह वर्षों में 5.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। यह दुख की बात है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकारें गरीबी तो दूर कर नहीं पाई, लेकिन खोखला नारा जरूर देकर गईं। सपा के नारे जातिवाद और अराजकता के चंगुल में फंसकर भ्रष्टाचार के प्रतीक बन गए जबकि बसपा शासन में यूपी विकास की दौड़ में अन्य राज्यों से काफी पीछे रह गया। उत्तर प्रदेश में पिछले छह वर्षों में जो विकास और जनकल्याण के कार्य दिखे हैं, वे पहले भी हो सकते थे। लेकिन , पिछली सरकारों में इच्छाशक्ति का अभाव स्पष्ट दिख रहा था। उन्होंने किसानों और व्यापारियों का भरपूर शोषण किया, युवाओं के साथ अन्याय भी किया और महिलाओं की सुरक्षा को गंभीर खतरे में डाला।

जैसा कि हम जानते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पांच सालों में 1 ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य बनाया है। यह राज्य समेत यहां के निवासियों की क्षमताओं को बेहतर संभावनाओं में बदलने का एक सुअवसर है। भारत समेत दुनियाभर में गरीबी कम करने, जीवन स्तर में सुधार के लिए सबसे शक्तिशाली और टिकाऊ यदि कोई रास्ता है तो वो आर्थिक विकास ही है, और मिशन 1 ट्रिलियन में यूपी को बदलने की क्षमता है।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# कब तक 'रैगिंग की आंधी' में बुझेंगे सपनों के दीप?

**प्रियंका सौरभ**

**रैगिंग** को एक ऐसे कृत्य के रूप में परिभाषित किया गया है जो किसी छात्र की गरिमा का उल्लंघन करता है या ऐसा माना जाता है। नए लोगों के 'स्वागत' के बहाने की जाने वाली रैगिंग इस बात का प्रतीक है कि व्यापक मानवीय कल्पना कितनी दूर तक फैल सकती है। सच है, मानव कल्पना की कोई सीमा नहीं है, शैतानी रैगिंग की भी कोई सीमा नहीं है। आज, रैगिंग भले ही भारतीय शैक्षणिक व्यवस्था में गहरी जड़ें जमा चुकी है, लेकिन कई लोगों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि रैगिंग मूल रूप से एक पश्चिमी अवधारणा है। ऐसा माना जाता है कि रैगिंग की शुरूआत कुछ यूरोपीय विश्वविद्यालयों में हुई जहां संस्थानों में नए छात्रों के स्वागत के समय वरिष्ठ छात्र व्यावहारिक मजाक करते थे। धीरे-धीरे रैगिंग की प्रथा पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो गई। हालाँकि, समय के साथ, रैगिंग ने अप्रिय और हानिकारक अर्थ ग्रहण कर लिया और इसकी कड़ी निंदा की गई। आज, दुनिया के लगभग सभी देशों ने रैगिंग पर प्रतिबंध लगाने वाले कड़े कानून बनाए हैं और कनाडा और जापान जैसे देशों में इसे पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। लेकिन दुख की बात है कि ब्रिटिश राज से रैगिंग विरासत में मिला भारत इस अमानवीय प्रथा के चंगुल से खुद को मुक्त नहीं कर पाया है। बिना किसी संदेह के यह कहा जा सकता है कि रैगिंग का सबसे बुरा रूप भारत में होता है। दरअसल एक शोध के अनुसार, भारत और श्रीलंका दुनिया के केवल दो देश हैं जहां रैगिंग मौजूद है। नए छात्रों को हमेशा अपने नियंत्रण में रखकर, एक वरिष्ठ छात्र अधिकार की भावना का पोषण करता है जो उसके मनोबल को बढ़ाता है और उसे ऊंचे स्थान पर रखता है। एक वरिष्ठ व्यक्ति जिसका रैगिंग का पुराना इतिहास रहा है, वह परपीड़क सुखों पर अपनी निराशा व्यक्त करके वापस आना चाहेगा। एक संभावित रैगर रैगिंग को एक गरीब नए छात्र की कल्पना की कीमत पर अपने परपीड़क सुखों को संतुष्ट करने के एक अच्छे अवसर के रूप में देखता है। यह भी एक वास्तविकता है कि रैगिंग करने वाले सभी वरिष्ठ अपनी इच्छा से ऐसा करने का आनंद नहीं लेते हैं। अपने अधिकांश बैच साथियों को रैगिंग में लिप्त देखकर उन्हें छूट जाने का डर रहता है। इसलिए अलगाव से बचने के लिए, वे भी झुंड में शामिल हो जाते हैं। पैसे, नई पोशाक, सवारी आदि के रूप में ठोस लाभ के साथ कई वरिष्ठ छात्र इस गलतफहमी में रहते हैं कि रैगिंग एक स्टाइल स्टेटमेंट है और इस तरह उन्हें ' उनके कॉलेज की 'प्रभावशाली भीड़' में शामिल कर देगी। ऐसा कहा जाता है कि नर्क का रास्ता अच्छे इरादों से बनता है। रैगिंग के मामले में यह बात बिल्कुल सटीक बैठती है। रैगिंग के नाम पर मैत्रीपूर्ण परिचय से जो शुरू होता है उसे घृणित और विकृत रूप धारण करने में देर नहीं लगती। रैगिंग की एक अप्रिय घटना पीड़ित के मन में एक स्थायी निशान छोड़ सकती है जो आने वाले वर्षों तक उसे परेशान कर सकती है। पीड़ित खुद को शेष दुनिया से बदनामी और अलगाव के लिए मजबूर करते हुए एक खोल में सिमट जाता है। यह उस पीड़ित को हतोत्साहित करता है जो कई आशाओं और अपेक्षाओं के साथ कॉलेज जीवन में शामिल होता है। हालाँकि शारीरिक हमले और गंभीर चोटों की घटनाएँ नई नहीं हैं, लेकिन रैगिंग इसके साथ-साथ पीड़ित को गंभीर मनोवैज्ञानिक तनाव और आघात का कारण भी बनती है।

# जियो और जीने दो

**संजीव**

**यदि मनु**ष्य के बाद बहुत सारा धन उसमें से कुछ दान करता है तो यह बड़प्पन नहीं होगा अपितू यदि किसी के पास थोड़ी धन संपदा हो और वह उसमें से काफी कुछ अति जरूरतमंद लोगों को दान करता है तो यह मानवीय जीवन का श्रेष्ठ पहलू होगा। जियो और जीने दो तथा वसुधैव कुटुंबकम की भावना जिस मनुष्य समाज और देश में बलवती हो उस समाज की प्रगति को कोई रोक नहीं सकता है और वह समाज साधुवाद का पात्र होगा।मनुष्य में उत्साह से जीवन जीने की जिजीविषा होनी चाहिए। जीवन में आकस्मिकत परिवर्तनशीलता और निरंतर विकास की संभावनाओं की तलाश होती रहनी चाहिए। जो मनुष्य जीवन मानव जाति एवं समाज के समग्र कल्याण के लिए जीता है वह जीवन को सार्थकता की ओर अग्रसर करता है। शास्त्रों में पुनर्जन्म की व्याख्या की गई है यदि इस जन्म अच्छा कार्य करेंगे तो अगले जन्म आपको पुनः मनुष्य की योनि प्राप्त होगी और आप फिर से मनुष्य के रूप में जन्म लेंगे, पर मेरा यह मानना है की वर्तमान जीवन ही पहला और अंतिम जीवन है।इसलिए आने वाले जन्मों की परिकल्पना में यथार्थ से दूर भागना एक मिथ्या की तरह है। वर्तमान जीवन ही यथेष्ट है और इस जीवन में ही सर्वश्रेष्ठ अवदान देकर इस जीवन को मानव जीवन के कल्याण एवं सामाजिक व्यवस्था की बेहतरी के लिए किया गया कार्य ही जीवन की सफलता होगी। व्यक्ति के जीने के अलग-अलग दृष्टिकोण और उद्देश्य हो सकते हैं अलग-अलग लक्ष्य की प्राप्ति भी मनुष्य के जीवन की अवधारणा हो सकती है, कोई आर्थिक लाभ एवं धन उपार्जन को अपने जीवन का लक्ष्य मानकर चलता है, और कोई इज्जत आबरु और सम्मान के प्रति आकर्षण में बंध कर राजनीति के उच्चतम शिखर पर पहुंचने की कामना के प्रयास में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करने के प्रयास में रहता है। कोई विज्ञान के प्रति, कोई व्यवसाय के प्रति, कोई कला के प्रति, कोई संस्कृति के प्रति जीवन जी कर लोगों से आगे निकलने का प्रयास करता है। जीवन के लक्ष्य जो भी हो पर उसमें प्रयासों की शुद्धता एवं सार्थकता सबसे ज्यादा मायने रखती है। मनुष्य को जिंदगी में उच्च मनोबल साहस संयम और तपस्या के साथ अपने जीवन के उद्देश्यों की पूर्ति का प्रयास करना चाहिए।

# 2024 में राहुल को प्रधानमंत्री बनाने का कांग्रेसियों ने लिया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की जयंती कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशाल सिंह पटेल की अध्यक्षता में मनाई गई। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



रविवार को कांग्रेसियों ने स्व राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि राजीव गांधी का देश की प्रगति में बहुत बड़ा योगदान रहा है। युवाओं को मताधिकार का अधिकार, पंचायती राज व्यवस्था, कंप्यूटर संचार क्रांति, अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण, कम समय में देश की प्रगति को बहुत काम किये। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उनके योगदान को आज कम करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन राजीव जो कर गए, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। कांग्रेसियों को संकल्प दिलाया कि उनके योगदान को आम जनता के बीच ले जायें। कांग्रेस के हाथों को मजबूत करने का काम करें। शहर में उनके किए कार्यों को जिला कांग्रेस कमेटी ने पर्चा बांटा। लोगों से मिलकर राजीव के योगदान को बताया।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया, कुलदीप मिश्रा, राकेश वर्मा, विजयमणि त्रिपाठी, यमुना शुक्ला, चुनवाद प्रसाद प्रजापति, शिव गुलाम वर्मा, तीरथ सिंह, कंचन, पवन, निर्मला भारती, ओम प्रकाश गुप्ता, कृष्णराज सिंह, मानवेंद्र पटेल, अरुण गुप्ता मौजूद रहे। कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड ने कांग्रेस की पट्टी पहनाकर स्वागत किया। सदस्यता लेने वालों में राजेश पटेल, लवकुश सिंह, रोहित द्विवेदी, कमलाकांत त्रिपाठी, रामलखन सिंह, शिवशरण सिंह आदि शामिल रहे। सभी लोगों ने एकजुटता से संकल्प लिया कि 2024 में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाएंगे।

## शिक्षक आज राजापुर थाने में देंगे धरना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कुसेली के प्रधानाध्यापक को कुछ अराजकतत्वों ने विद्यालय में घुसकर अभद्र बर्ताव किया।

रविवार को उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय कुसेली के प्रधानाध्यापक अशोक गुप्ता को कुछ अराजकतत्वों ने विद्यालय में घुसकर स्टाफ समेत अभद्रता की है। राजापुर थाने में मामले की रिपोर्ट नहीं दर्ज की गयी। न कोई कार्रवाई हुई। शिक्षकों में भय व्याप्त है। कोतवाली राजापुर की कार्यशैली पर आक्रोश जताया।

उन्होंने कहा कि शिक्षको के मान-सम्मान की रक्षा व सुरक्षा को 21 अगस्त को अपरान्ह ढाई बजे प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल पीड़ित शिक्षकों व सहयोगी शिक्षकों के साथ राजापुर जायेगा। रिपोर्ट दर्ज कराने का अनुरोध करेगा। रिपोर्ट दर्ज न होने पर शिक्षक थाने में धरने पर बैठेंगे।

## तुलसी जन्मोत्सव में छठवें दिन साधु-संतों की रही भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विश्व विख्यात विश्वकवि संत गोस्वामी तुलसी दास की 526 वां जन्म जयंती महोत्सव कार्यक्रम रविवार को छठवें दिन चल रहे पवित्र नवान्ह परायण पाठ में साधु संतों, नगर क्षेत्र व जनपद वासियों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा।

रविवार को मानस मंदिर के पुजारी रामाश्रय त्रिपाठी ने कहा कि तुलसी जन्म भूमि राजापुर धाम में आज भी तुलसी और माता रत्ना के दर्शन होते हैं। राजापुर नगर की माताओं, बहनों में तुलसी बाबा के प्रति आज भी अटूट प्रेम, आगाध स्नेह और विश्वास विद्यमान हैं। तुलसी तीर्थ राजापुर धाम में चल रहे भव्य दिव्य जन्मोत्सव पर हजारों साधु संतों का हर रोज आगमन हो रहा है। साधु संतों के आगमन से तुलसी जन्म जयंती की भव्यता दिव्यता और पवित्रता में और भी शोभा बढ़ रही है।

राजापुर नगर के समाजसेवी सतीश मिश्रा, सुनील मिश्रा, अशोक सोनी, उमेश सोनी ने कहा कि श्री रामचरितमानस का पाठ करने वाले हर उस व्यक्ति को उनकी जन्म जयंती महोत्सव कार्यक्रम में उनके जन्म स्थान राजापुर धाम में जाकर जन्म उत्सव कार्यक्रम में सम्मिलित होना चाहिए।

## पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल गुलाब त्रिपाठी की अगुवाई में चैकी प्रभारी शिवरामपुर श्यामदेव सिंह की टीम ने वारंटी चन्द्रशेखर तिवारी पुत्र रामप्यारे निवासी बिहारा को गिरफ्तार किया है। टीम में चैकी प्रभारी शिवारमपुर श्यामदेव सिंह, दीवान सुनील सेंगर, सिपाही उमेश सिंह शामिल रहे।

## पुलिस ने चोर के कब्जे से चार भैस समेत किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने एक भैंस चोर को चोरी की चार भैंसों व एक पड़वा समेत गिरफ्तार किया है।

उल्लेखनीय है कि उड़ान पुत्र कालका निवासी नैनी थाना सरधुवा ने सूचना दी कि उसकी नौ भैंसो को अज्ञात चोर चुरो ले गये हैं। वादी की दी तहरीर पर थाने में मामला दर्ज कर चोरी के खुलासे को प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र कुमार सिंह ने दरोगा अनिल कुमार को विवेचना सौंपी। मुखबिर की सूचना पर गडौली मोड़ से प्रमोद रैदास पुत्र लक्ष्मण रैदास निवासी जनान तारा थाना किशनपुर जिला फतेहपुर को चोरी की भैसों समेत पुलिस टीम ने चार भैसों व एक पड़वा समेत गिरफ्तार किया। थाने में मामला दर्जकर भैसों को उड़ान के सुपुर्द किया। टीम में दरोगा अनिल कुमार, सिपाही धर्मेन्द्र कुमार व राहुल पुरी शामिल रहे।

## तहसील दिवस बना तसल्ली दिवस फरियादी लगा रहे निस्तारण के लिए चक्कर

**कोरांव प्रयागराज।** तहसील समाधान दिवस उपजिलाधिकारी अविनाश सिंह यादव

एवं एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। उक्त तहसील समाधान दिवस में सबसे अधिक राजस्व के मामले रहे उसके बाद पुलिस विभाग के और बाद में विकास से संबंधित प्रार्थना पत्र देखे गए।

## ग्रामोदय में दूरवर्ती पाठ्यक्रम 26 को

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित दूरवर्ती अध्ययन एवं सतत शिक्षा केन्द्र में दूरवर्ती पाठ्यक्रम कार्यशाला का आयोजन 26 अगस्त को मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्व विद्यालय भोपाल के कुलपति प्रो संजय तिवारी के और महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न होगा। निदेशक दूरवर्ती डॉ कमलेश कुमार थापक ने बताया कि एक दिवसीय इस कार्यशाला में सभी क्षेत्रीय समन्वयक, शिक्षार्थी समन्वयक और क्षेत्रीय निदेशक भी शामिल होगे।

## ग्रामोदय में पीएचडी, एमएससी पाठ्यक्रमों में प्रवेश काउंसिलिंग घोषित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पीएचडी और एमएससी कृषि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग कार्यक्रम को घोषित कर दिया गया है। 22 अगस्त से प्रारंभ यह कार्यक्रम 25 अगस्त तक यूनीवर्सिटी कैंपस स्थित संकायों में संपन्न होगा। अध्यक्ष प्रवेश समिति प्रो रघुवंश प्रसाद बाजपेई ने बताया कि 22 अगस्त को विज्ञान और पर्यावरण संकाय में पीएचडी प्रवेश काउंसिलिंग, 23 अगस्त को कृषि संकाय और ग्रामीण विकास एवं व्यवसाय प्रबन्धन संकायों में प्रवेश पीएचडी काउंसिलिंग तथा 24 अगस्त को कला संकाय में पीएचडी प्रवेश काउंसिलिंग कराई होगी। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त को कृषि संकाय में एमएससी कृषि पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग संपन्न होंगी। उन्होंने बताया कि पीएचडी पाठ्यक्रमों की विषयवार प्रवेश काउंसलिंग और एमएससी कृषि पाठ्यक्रम में प्रवेश काउंसलिंग के लिए पात्र अभ्यर्थियों की सूची, काउंसलिंग तिथियों, समय और काउंसलिंग के समय प्रस्तुत किए जाने वाले आवश्यक अभिलेखों का विवरण ग्रामोदय विश्वविद्यालय की वेबसाइट को सर्च कर देखा जा सकता है।

## सीओ सिटी ने विवेचकों का किया अर्दली रुम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने कोतवाली कर्वी के विवेचकों का अर्दली रुम किया। क्षेत्राधिकारी ने अर्दली रुम के दौरान विवेचकों को गुण दोष के आधार पर विवेचना के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## रुक रुक कर कभी तेज कभी हल्की बारिश से खुशनुमा हुआ मौसम, बनी झमाझम बारिश की दरकार

**सिलवानी।** सुबह से रुक रुक कर हो कभी तेज कभी हल्की बारिष से मौसम में ठंडक धुल गई है। बीत करीब एक पखवाड़े से बारिश ना होने से किसानो के चेहरो पर मायूसी देखी जा रही है। नागरिक झमाझम बारिश की आस लगाए हुए है। झमाझम बारिश होने से कृषि कार्य में तेजीआ जाएगी। साथ ही धान की फसल को भी पानी रुपी अमृत मिल जाएगा । करीब एक पखवाड़े से बारिश ना होने से किसानो के माथो पर चिंता की लकीरें देखी जा रही है। बारिश ना होने से धान की फसल प्रभावित हो रही है। रोपी गई धान की पौध पानी ना मिलने से सूखने लगी है। हालांकि कुछ किसान स्वयं के जल स्त्रोत से धान की क्यारियों में पानी भर रहे है। लेकिन किसानो के यह प्रयास नाकाफी सावित हो रहे है। किसान झमाझम बारिश होने कीआस लगाए हुए है। बल्कि धर्म स्थलो पर पहुंच कर भगवान से जोरदार बारिश होने की प्रार्थना कर रहे है। हालांकि अभी तक करीब 27 इंज बारिश दर्ज की जा चुकी है। बावजूद भी धान की फस्ल पानी ना मिलने से प्रभावित हो रही है।

## 3 साल बाद सावन सोमवार पर नाग पंचमी

**सिलवानी।** 21 अगस्त को इस बार नाग पंचमी खास रहेगी। वजह यह है कि 3 साल बाद यह फिर सावन सोमवार के दिन रहेगी। 5 अगस्त 2019 को सावन सोमवार पर नाग पंचमी थी। इस कारण भगवान शिव और नागदेवता की पूजा एक साथ की जाएगी। इस दिन चित्रा नक्षत्र में शुभ और शुक्ल नाम के दो मंगलकारी योग भी रहेंगे। इससे इस दिन की शुभता में और अधिक बढ़ जाएगी। दरअसलए चित्रा नक्षत्र के स्वामी विश्वकर्मा और ग्रह स्वामी मंगल देवता है। शुक्ल योग की देवी मां पार्वती है। अग्रवाल, कायस्थ, ब्राह्मण, स्वर्णकार और कई अन्य समाजों में नाग पंचमी विशेष रूप से मनाई जाती है। चौरसिया समाज के तो कुल देवता ही नागदेव हैं।

## सांईधाम कॉलोनी के रहवासियों ने सौंपा ज्ञापन, सुविधाएं मुहैया करवाए जाने की मांग

**विदिशा।** साईं धाम कॉलोनी के सभी रहवासियों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। **जिसमें** कालोनी के लोगों ने बताया कि हम लोगों को अभी तक कालोनी में कोईसुविधा नहीं मिल रही है। कॉलोनीवासियों का कहना था कि कालोनाईजरों के द्वारा प्लाट बेचते समय हम लोगों को कालोनी में बिजली,पानी, सडक, सुरक्षा बाउंड्रीवाल, प्रवेश द्वार दिए जाने की बात कही थी। लेकिन हम लोगों को कालोनी में मकान बनाए काफी समय हो गया है। लेकिन कालोनी के संचालकों द्वारा अबतक कोई सुविधा हम लोगों के लिए नहीं दी जार ही है। सीवेज लाइन,पार्क,सफाई इत्यादि की सारी कमियां है और ज्ञात हुआ है कि बंधक प्लाटों को भी बेचा जा रहा है जो कि नियम विरुद्ध है जो कि साईं धाम के डेवलपर अनुसार हमको बताया गया था वह किसी भी मापदंड में पूर्ण नहीं है और भी कई समस्याओं को लेकर असामाजिक तत्वों द्वारा वहां पर रह वासियों को परेशान करना चोरियां होना महिलाओं को परेशान करना एवं पत्थर फेंकना वहां पर लगे गेट को भी तोड ?। इत्यादि समस्याओं को लेकर पास अपनी समस्याओं को लेकर सभी रेवासियों ने ज्ञापन में मांग की है कि हम सभी लोगों को कालोनी में सभी सुविधाएं दी जाए। ज्ञापन देते समय मनोज पंजवानी, अनिल कपलि सहित कई लोग शामिल रहे।

# पुलिस ने तीन के कब्जे से 85 क्वार्टर देशी शराब की बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम का जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से 85 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है।



रविवार को प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा कन्हैया सिंह की टीम ने मुन्ना सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी बरुआ के कब्जे से 20 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा कन्हैया सिंह, सिपाही उज्जवल पाण्डेय शामिल रहे। थानाध्यक्ष भरतकूप सुबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा शैलेन्द्र सिंह की टीम ने योगेंद्र सिंह पुत्र चंद्रभवन सिंह सिकरी सानी थाना पहाड़ी के कब्जे से 45 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ थाने में आबकारी धिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में शैलेन्द्र सिंह, सिपाही सताश यादव शामिल रहे।

थानाध्यक्ष भरतकूप सुबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा अजहर जमाल की टीम ने राकेश पुत्र दिनेश कुमार यादव के कब्जे से 20 क्वाटर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा अजहर जमाल, सिपाही अंकित राजपूत, सताश यादव शामिल रहे।

# दरोगा समेत पांच सिपाही पर रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश

## विशेष न्यायाधीश दीप नारायण तिवारी ने दिए आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अनुसूचित जाति के युवक को घर से पकड कर लाने और एनकाउंटर करने की धमकी देकर पैसे मांगने के मामले में विशेष न्यायाधीश ने कर्वी कोतवाली के दरोगा व दो सिपाहियों समेत तीन पुलिस कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए हैं। मामले की नियमानुसार जांचकर 60 दिन के भीतर आरोप पत्र पेश करने के आदेश भी दिये हैं।



रविवार को अधिवक्ता रामकृष्ण ने बताया कि कर्वी कोतवाली क्षेत्र के डिलौरा गांव के कैम्प पुरवा के अनुसूचित जाति के प्रेमचन्द्र पुत्र स्व भगवानदीन ट्रैक्टर से जुताई कर परिवार का पालन पोषण करते हैं। बीती 25 जुलाई शाम पांच बजे कर्वी कोतवाली के दरोगा मुन्नीलाल, सिपाही जयनारायण पटेरिया व राहुल देव समेत तीन अन्य सिपाही उसके घर पहुंच गए। गाली- गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर प्रेमचन्द्र को एनकाउंटर की धमकी और पचास हजार रुपये की उगाही का प्रयास करने लगे। पुलिस कर्मियों ने प्रेमचन्द्र की पत्नी और बच्चों से भी बदसलूकी की। उसे चारपहिया वाहन में जबरन बैठाकर ले आए। कोतवाली में बंद करने के बाद प्रेमचन्द्र को बुरी तरह पीटा। इससे उसका दाहिना पैर टूट गया। प्रेमचन्द्र के परिजनों से पचास हजार रूपए देने पर वीडियो बनाकर खेत में काम करने से पैर टूटने का बयान दिलाकर उसे 26 जुलाई को इलाज को छोडा। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने को उसने कोतवाली में प्रयास किया। कोई सुनवाई नहीं हुई। उसने सरकारी अस्पताल में एक्स-रे कराकर इलाज कराया। पंजीकृत डाक से पुलिस अधिकारियों को सूचना दी कि कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।

पीडित ने न्यायालय में 156(3) के तहत प्रार्थना पेश किया। सुनवाई के बाद अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम न्यायालय के विशेष न्यायाधीश दीप नारायण तिवारी ने धारा 156(3) का आवेदन मंजूर कर लिया। विशेष न्यायाधीश ने मामले में मुकदमा दर्ज कर नियमानुसार अनुसंधान करने और अनुपालन आख्या तीन दिन के अन्दर न्यायालय में पेश करने के आदेश दिए। गवाहों के बयान अंकित कर नियमानुसार प्राथमिकता से 60 दिन के भीतर आरोप पत्र पेश करने का आदेश दिया।

# पत्रकार विमल हत्या काण्ड के विरोध में मधेपुरा आईरा परिवार ने निकाला विरोध मार्च

**मधेपुरा। ऑ**ल इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएशन (आईरा) जिला इकाई के पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला अधिकारी को चार सूत्री मांगों का लेकर ज्ञापन सौंपा. जिसमें उन्होंने कहा कि हर स्तर के पत्रकार और उसके परिवार की जानमाल की सुरक्षा के लिए एक बेस और पुख्ता कानून बनाया जाए, पत्रकार पर चल रहे थानों में दर्ज मामले की सही जाँच कर दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाय, पत्रकारों की अत्मसुरक्षा के लिए उन्हें शस्त्र अनुप्ति अविलम्ब प्रदान की जाय, पत्रकारों के द्वारा की गई शिकायत पर त्वरीत कार्रवाई कर उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई जाय. साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार में लगातार पत्रकारों पर अपराधियों द्वारा हिंसक हमले हो रहे इसमें कई पत्रकार जान गवा चूके है, कई गंभीर रूप से घायल है. ताजा मामला अररिया के रानीगंज से जुड़ा है. जहां शुक्रवार की सुबह अपराधियों द्वारा घर में घुस कर दैनिक अखबार के पत्रकार विमल कुमार यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई. ऐसी घटना के बाद तात्कालिक कारवाई की जाती है. कुछ अपराधी को पकड़कर खानापूर्ति कर ली जाती है, लेकिन बिहार में अब पत्रकारों पर जानलेवा हमला आम बात हो गयी है. प्रदेश से लेकर जिला व प्रखंड तक के पत्रकार आज डरे सहमे रहते है. उनके अंदर यह डर बना रहता है कि वह कब किस अपराधी की गोलियो के शिकार हो जाए. पत्रकार स्वर्गीय राजदेव रंजन की हत्या के बाद सामान्य प्रशासन गृह विभाग द्वारा सभी जिला के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को पत्र के माध्यम से सभी पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर सभी आवश्यक जानकारी की माँग की गई थी. तब लगा था कि सरकार पत्रकारों की जानमाल की सुरक्षा की प्रति चितिंत है. लेकिन वह बात भी आई और गई हो गई. अब एक बार फिर पत्रकारों की सुरक्षा खतरे में है. ऐसे में हमारे संगठन ऑल इंडियन रिपोर्टर्स एसोसिएसन (आईरा) संगठन की माँग है कि हर स्तर के पत्रकार और उसके परिवार की जानमाल की सुरक्षा के लिए एक ठोस और पुख्ता कानून बनाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की अविलम्ब कार्रवाई की जानी चाहिए. मौके पर जिलाध्यक्ष मुरारी कुमार सिंह, जिला महासचिव सुनीत साना, संरक्षक धर्मेंद्र भारद्वाज, डॉ. अमिताभ कुमार, मुकुल वर्मा, बंटी सिंह, चंचल कुमार, अमित कुमार, अमीर आजाद, रामानन्द कुमार, दिलखुश कुमार, मुकेश कुमार, संजीव कुमार, मोहम्मद सद्दाम हुसैन, शंकर कुमार, आरजू अंसारी, मोहम्मद मुनाजिर आलम सहित आईरा से जुड़े दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के सहयोगी संस्थाओं यूनीसेफ, डब्लूएचओ की मानीटरिंग फीडबैक के सम्बंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में संगम सभागार में स्वास्थ्य विभाग के सहयोगी संस्थाओं यूनीसेफ, डब्लूएचओ की मानीटरिंग फीडबैक के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में



जिलाधिकारी ने आशाओं के एचबीएनसी से सम्बंधित प्रशिक्षण दिए जाने के बारे में जानकारी ली। उन्होंने एचबीएनसी कार्यक्रम में आशाओं का प्रशिक्षण लक्ष्य के सापेक्ष कम पाये जाने पर डीसीपीएम अशफाक अहमद का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने 15 दिनों के अंदर उक्त प्रशिक्षण में प्रगति लाये जाने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने एचबीएनसी किट शत-प्रतिशत आशाओं के पास उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने एचबीएनसी में प्रशिक्षित आशाओं के द्वारा रिपोर्ट न प्रस्तुत करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए करछना, रामनगर, माण्डा, मेजा तथा शंकरगढ़ के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षकों का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है।

## पाकिस्तान में बस और मालवाहक वाहन में टक्कर, 16 की मौत

**इस्लामाबाद।** फैसलाबाद मोटर-वे पर आज तड़के पिंडी भट्टियां के पास कराची से इस्लामाबाद आ रही एक यात्री बस की मालवाहक वाहन (पिकअप) से हुई टक्कर में 16 लोगों की जान चली गई। इस



हादसे में 15 अन्य घायल हो गए। पिकअप में डीजल के ड्रम थे।

मीडिया रिपोर्ट्स में जिला पुलिस अधीक्षक डॉक्टर फहद के हवाले से कहा गया है कि घायलों को पिंडी भट्टियन अस्पताल ले जाया गया। इस टक्कर के तुरंत बाद बस में आग लग गई। आसपास के लोगों ने खिड़कियां तोड़कर यात्रियों को बस से बाहर निकालने की कोशिश की। हादसे में दोनों वाहनों के ड्राइवरों की भी मौत हो गई।

## उत्तरी वजीरिस्तान में आतंकी हमला,11 मजदूर मारे गए, खैबर में दो दहशतगर्द ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान में आतंकी हमले में 11 मजदूरों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यह बम विस्फोट एक वैन में हुआ।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में उपायुक्त रेहान गुल खट्टक के हवाले से कहा गया है कि यह वैन मजदूरों को लेकर जा रही थी।



आतंकवादियों ने रास्ते में उसे विस्फोटक से उड़ा दिया। इस हमले में 11 मजदूरों की जान चली गई। घायल दो मजदूरों को अस्पताल ले जाया गया। यह मजदूर दक्षिणी वजीरिस्तान की तहसील माकिन और वाना के रहने वाले थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह आतंकी हमला कुछ हफ्ते पहले बाजौर में हुए आत्मघाती विस्फोट के बाद हुआ है। इस आत्मघाती विस्फोट में 23 बच्चों सहित कम से कम 63 लोग मारे गए थे और 200 से अधिक लोग घायल हुए थे। इस आत्मघाती विस्फोट की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली थी। एक दीगर मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक खैबर जिले के बारा में आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने दो दहशतगर्दों को ढेर कर दिया।

## अफ्रीकी देश माली में शस्त्रधारियों का हमला, गोलीबारी में महिलाओं सहित 21 लोगों की मौत

**माली।** अफ्रीकी देश माली में एक हमले में 21 लोगों की मौत हो गई। बंदूकधारियों ने मध्य माली के मोप्ती क्षेत्र में बसे एक गांव में हमला कर दिया था। इस दौरान उन्होंने 21 लोगों की हत्या कर दी।विदेशी मीडिया के अनुसार, स्थानीय सूत्रों ने शनिवार को बताया कि मोप्ती के बंदियागारा शहर के पास बसे यारू गांव में शुक्रवार दोपहर को कुछ हमलावर घुसे। उन्होंने निशाना लगाकर गोलीबारी की। हमले में महिलाओं सहित 21 लोग मारे गए। वहीं 11 लोग घायल हैं। फिलहाल किसी भी समूह ने अबतक हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अफ्रीका महाद्वीप के पश्चिमि देश इन दिनों अल कायदा और इस्लामिक स्टेट के आतंक से प्रभावित हैं। 2012 में हुए तुआरेग अलगाववादी विद्रोह के बाद से ही कई संगठनों ने अपनी जड़ें जमा ली थीं। माली में अगस्त 2020 में दो सैन्य तख्तापलट भी हो चुके हैं। जुंटा ने पश्चिमी सहयोगी देशों के साथ अपने संबंध तोड़ दिए और रूसी भाड़े के सैनिकों से मदद मांगी। हाल ही में अफ्रीकी देश नाइजीरिया के उत्तरी क्षेत्र में भी उग्रवदियों ने सेना पर घात लगाकर हमला कर दिया था। नाइजीरियाई सेना ने बताया कि हमले में एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस वजह से 36 नाइजीरियाई सैनिकों की मौत हो गई। रक्षा प्रवक्ता मेजर जनरल एडवर्ड बुबा ने बताया था कि सशस्त्र गिरोहों ने हमारे सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया है।

# पाकिस्तान में शिरीन मजारी की बेटी को उठा ले गई पुलिस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की पूर्व नेत्री शिरीन मजारी ने कहा है कि कुछ महिला पुलिस कर्मियों और पैराट्रूपर्स सहित सादे लिबास में आए पुरुष पुलिसकर्मी उनकी बेटी इमान हाजिर मजारी को आज तड़के उठा ले गए। शिरीन ने आरोप लगाया है कि यह लोग दरवाजा तोड़कर घर में घुसे। शिरीन मजारी के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इन लोगों ने न केवल उनकी बेटी को दबोच लिया, बल्कि उसके कमरे का सीसीटीवी, उसका लैपटॉप और मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया। घर



के हर कोने की तलाशी ली। इमान नाइट ड्रेस में थी। इन लोगों ने उसे कपड़े तक नहीं बदलने दिए। न ही गिरफ्तारी वारंट दिखाया। शिरीन मजारी ने इस घटना को 'राज्य फासीवाद' की संज्ञा दी है।

# यूक्रेन के चेर्निहाइव में रूस का मिसाइल हमला, सात की मौत, 144 घायल

**कीव।** यूक्रेन के आंतरिक मंत्रालय ने कहा है कि उत्तरी यूक्रेन के शहर चेर्निहाइव में एक प्रमुख चौराहे पर रूस के शक्तिशाली मिसाइल हमले में सात नागरिक मारे गए और 144 घायल हो गए।

घायलों में कई बच्चे भी हैं। इस चौराहे पर पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी और एक सिनेमाहाल भी है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया में शेयर किया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि जब हमला हुआ, तब लोग धार्मिक अवकाश मनाने के लिए चर्च जा रहे थे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति जेलेंस्की इन दिनों स्वीडन की यात्रा पर हैं। संयुक्त राष्ट्र ने रूस के इस हमले की निंदा करते हुए



कहा कि वह इस से बेहद परेशान है। चेर्निहाइव में तीन दिन के शोक की घोषणा की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में कीव की वायु सेना के हवाले से कहा गया है कि यूक्रेनी सेना ने रातभर मॉस्को द्वारा लॉन्च किए गए 17 ईरान निर्मित ड्रोनों में से 15 को मार गिराया।

# इमरान के करीबी पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के करीबी और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के उपाध्यक्ष कुरैशी को इस्लामाबाद स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया। जानकारी के मुताबिक इमरान खान के प्रधानमंत्रित्व काल में वर्ष 2018 से 2022 तक पाकिस्तान के विदेश मंत्री रहे शाह महमूद कुरैशी ने पत्रकार वार्ता की थी। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा था कि चुनाव में विलंब की किसी भी कोशिश को उनकी पार्टी अदालत में चुनौती देगी। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पीटीआई की ओर



से जारी बयान में उनकी गिरफ्तारी को गैर-कानूनी करार दिया गया है। कुरैशी लगातार इमरान खान की गिरफ्तारी का विरोध भी कर रहे थे। इमरान के जेल जाने के बाद कुरैशी उनकी पार्टी का चेहरा बने थे। इससे पहले मई माह में भी कुरैशी को गिरफ्तार किया गया था। नौ मई को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए थे। गिरफ्तार किए गए पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के शीर्ष नेताओं में कुरैशी भी शामिल थे। इमरान खान के समर्थकों ने लाहौर कॉर्प्स कमांडर हाउस, मियांवाली एयरबेस, फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित एक दर्जन सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की और संवेदनशील रक्षा प्रतिष्ठानों को भी आग लगा दी थी। इमरान समर्थकों ने रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी हमला किया था।

## तख्तापलट के बाद नए सैन्य शासक ने रखा बातचीत का प्रस्ताव, कहा- तीन साल के भीतर लाएंगे लोकतंत्र

**बाकू ।** नाइजर में हाल ही में तख्तापलट हुआ है। ऐसे में लोकतंत्र वापस लाने पर राजनीति हो रही है। नए सैन्य शासक जनरल अब्दुर्रहमान त्चियानी ने तीन साल के अंदर लोकतंत्र वापस लाने का प्रस्ताव रखा है। वहीं, पड़ोसी देशों का कहना है कि जल्द से जल्द लोकतंत्र स्थापित किया जाए। त्चियानी ने कहा कि न तो जुंटा (एक सैन्य या राजनीतिक समूह) और न ही नाइजर के लोग युद्ध करना चाहते हैं। हम लोग बातचीत के लिए तैयार हैं। बता दें, हाल ही में सैन्य शासक जनरल अब्दुर्रहमान त्चियानी ने देश के राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम को पद से हटाकर सत्ता पर कब्जा कर लिया है।

जनरल त्चियानी ने कहा कि इस संबंध में अगले एक महीने के भीतर जुंटा द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय संवाद में निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह संवाद राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को परिभाषित करेगा और पश्चिम अफ्रीकी देश के पुनर्निर्माण के मार्गदर्शन के लिए मौलिक मूल्यों का आह्वान करेगा। पश्चिम अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय के नेताओं ने प्रतिबंध लगाकर तख्तापलट का जवाब दिया है। ECOWAS नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को राजधानी नियामी में त्चियानी से मुलाकात की।

त्चियानी ने पत्रकारों से कहा कि जुंटा की महत्वाकांक्षा सत्ता जब्त करने की नहीं है। उन्होंने कहा कि नाइजर के लोगों के लिए मैं किसी भी बातचीत में शामिल होने के लिए तैयार हूं। वहीं, उन्होंने चेतावनी दी कि अगर हमारे खिलाफ कोई हमला किया जाता है, तो यह मत सोचना कि यह पार्क में टहलने जैसा होगा। जुंटा ने पहले दावा किया था कि उसने बजौम पर राजद्रोह का मुकदमा चलाने के लिए सबूत इकट्ठा किए हैं। बता दें, नाइजर अफ्रीका के साहेल क्षेत्र के केंद्र में स्थित है, जिसने हाल के वर्षों में माली और बुर्किना फासो सहित कई जगहों पर सत्ता हथिया ली है। यह इस क्षेत्र में बचे कुछ लोकतंत्रों में से एक था।

# हिंद महासागर में पनडुब्बियों के बढ़ते प्रयोग से श्रीलंकाई राष्ट्रपति चिंतित, सुरक्षा रणनीति की होगी समीक्षा

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे हिंद महासागर में पनडुब्बियों के बढ़ते प्रयोग से चिंतित हैं। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की व्यापक समीक्षा की बात कही है।

श्रीलंका के गाले प्रांत के दक्षिणी जिले में नौसेना अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समीक्षा में कई कारक, आर्थिक रुझान और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव शामिल होंगे। समकालीन सुरक्षा नीतियां तैयार कर राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को रिपोर्ट करने के लिए एक सेवानिवृत्त मेजर जनरल के नेतृत्व में टीम गठित की गयी है। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिदृश्य हिंद महासागर क्षेत्र में वैश्विक शक्ति संघर्षों के अतिक्रमण का गवाह है। एक मोर्चे पर प्रशांत महासागर के पार अमेरिका और चीन के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही है। दूसरे मोर्चे पर यूक्रेन के संदर्भ में पश्चिमी देशों और रूस के बीच एक शक्ति संघर्ष उभरा है। यह प्रतिस्पर्धा अफ्रीका



में नाइजर जैसे दूरदराज के इलाकों तक फैल गई है। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने कहा कि हिंद महासागर में पनडुब्बियों का इस्तेमाल बढ़ा है। इसलिए, द्वीप राष्ट्र की समुद्री सुरक्षा रणनीति को पनडुब्बी निगरानी और नियंत्रण के अनुरूप एक मजबूत कार्यक्रम के विकास की दिशा में निर्देशित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समीक्षा रिपोर्ट के संकलन के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की आधुनिक सुरक्षा नीतियों के लिए एक खाका अपनाया जाएगा।

विक्रमसिंघे ने कहा कि श्रीलंका को हिंद महासागर क्षेत्र में तटस्थता बनाए रखनी चाहिए। निस्संदेह, हिंद महासागर दुनिया के महत्वपूर्ण व्यापार मार्गों की

> **समकालीन सुरक्षा नीतियां तैयार कर राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को रिपोर्ट करने के लिए एक सेवानिवृत्त मेजर जनरल के नेतृत्व में टीम गठित की गयी है।**

मेजबानी करता है, जिससे श्रीलंका इस स्तर पर एक अभिन्न खिलाड़ी बन जाता है। श्रीलंका इन जल क्षेत्रों में नौपरिवहन का संचालन करता है, ऐसे में यह जरूरी है कि श्रीलंका एक निष्पक्ष रुख बनाए रखते हुए इन अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों के बीच उलझनों से मुक्त एक रास्ता तैयार करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि श्रीलंका की सबसे बड़ी चिंता इस क्षेत्र में अपनी सुरक्षा होनी चाहिए।

## 21 भारतीय छात्रों को यूएस ने भेजा वापस: वीजा में गड़बड़ी का आरोप; छात्र बोले- मोबाइल-लैपटॉप और चैट भी चेक किए

**वाशिंगटन ।** अमेरिका में एक ही दिन में 21 भारतीय छात्रों को वापस भेजा है। कोई कारण बताए बगैर वापस भेजे गए छात्रों ने बताया कि अधिकारियों ने उनके मोबाइल फोन और व्हाट्सएप चैट भी चेक किए थे। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इसकी वजह वीजा और दस्तावेज में गड़बड़ी बताई गई है।

ये छात्र आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से हैं। इन छात्रों ने दावा किया है कि उनके सभी दस्तावेज पूरे थे और ये कॉलेज में दाखिला मिलने के बाद अमेरिका जा रहे थे। ये घटना 12 से 16 अगस्त के बीच की है। रिपोर्ट के मुताबिक, अटलांटा, शिकागो व सान फ्रांसिस्को के एयरपोर्ट पर आव्रजन अधिकारियों ने छात्रों के दस्तावेज की जांच की। उन्हें कुछ देर के लिए हिरासत में भी लिया गया और फिर वापस जाने के लिए कह दिया। हालांकि वापसी की कोई वजह नहीं बताई गई। एजेंसी

**छात्रों को मिली कानूनी कार्रवाई की चेतावनी**

रिपोर्ट के अनुसार, आव्रजन अधिकारियों ने छात्रों को विरोध करने पर गंभीर कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी। जिन छात्रों को वापस भेजा गया, उनमें से ज्यादातर पढ़ाई के लिए मिसूरी और साउथ डकोटा की यूनिवर्सिटी में जाने वाले थे।

# दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश में बढ़ रही बेरोजगारी, युवाओं का कहना- रात भर सो नहीं पाते

**बीजिंग।** दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश में लगातार युवा बेरोजगार हो

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।




बीजिंग में एक भर्ती मेले में पत्रकारों को बताया कि पढ़ाई पूरी होने के बाद भी नौकरी नहीं मिली। उन्होंने कहा कि इसका दिमाग पर बहुत गंदा असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि मैं कितने भी असफल रहीं। इसका उनपर बुरा असर पड़ा।

झांग ने इस सप्ताह के अंत में सीवी भेज दूं, मुझे उसका एक ही जवाब मिलता है।

बता दें, ऐसा नहीं है कि यह कहानी सिर्फ एक-दो युवा की है। ऐसे कई युवाओं ने इसी तरह की बात बताई। बीजिंग में भर्ती मेला आयोजित किया गया था, जिसमें उपस्थित लोगों ने चुनौतीपूर्ण हालातों के बारे में बताया।

**सैलरी भी नहीं दे रहे**

मीडिया में अनुभव रखने वाले 21 वर्षीय बेरोजगार यांग याओ ने बताया कि नौकरी नहीं मिलने के कारण हर रात वह चिंता में रहते। वह सोचते हैं कि अगर नौकरी नहीं मिली तो जीवन-यापन कैसे करूंगा।

याओ का कहना है कि वह इस चिंता की वजह से रात भर नहीं सो पाते हैं। अगर कहीं विकल्प दिया भी जाता है तो सैलरी काफी कम देने की बात करते हैं।

**मंदी के हालात!**

चीन ने हाल के महीनों में कई संकेतक जारी किए हैं, जो देश में कोविड के बाद मंदी की ओर इशारा कर द्धरहे हैं। कहा जा रहा है कि कम उपभोक्ता मांग के कारण कंपनियां लोगों को काम पर नहीं रख रही हैं।

# राष्ट्रपति की दौड़ में शामिल भारतीय मूल के इस नेता की लोकप्रियता में इजाफा, दे रहे ट्रंप को सीधी टक्कर

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी उद्यमी विवेक रामास्वामी की लगातार लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। इस बात का खुलासा हाल ही में हुए एक सर्वे से हुआ है। दरअसल, सर्वे में फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस और रामास्वामी रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के लिए दूसरे स्थान पर बराबरी पर बताए गए हैं।

**लोकप्रियता में भारी गिरावट**

इमर्सन कॉलेज के सर्वेक्षण में दिखाया गया कि डेसेंटिस और रामास्वामी 10-10 प्रतिशत के साथ बराबरी पर हैं। हालांकि, यह लोग पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पीछे हैं, जो 56 प्रतिशत के साथ आगे हैं। भारतीय मूल के नेता की लोकप्रियता का इससे भी पता चलता है कि डिसेंटिस जून में 21 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर थे। अब उनकी लोकप्रियता में भारी गिरावट देखी गई है। वह



वर्तमान में 10 प्रतिशत पर हैं। वहीं, रामास्वामी दो फीसदी से बढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

**वोटरों का यह कहना**

सर्वेक्षण में यह भी खुलासा किया गया है कि रामास्वामी को समर्थन करने वाले स्पष्ट हैं कि वोट उन्हें ही देना है। जबकि वहीं, डिसेंटिस को अस्थिर समर्थन मिला है। बता दें, रामास्वामी समर्थकों में से लगभग आधे ने कहा कि वे निश्चित रूप से उन्हें ही वोट देंगे, जबकि डेसेंटिस समर्थकों में से केवल एक तिहाई ने यह आश्वासन दिया।

**ट्रंप के इतने समर्थक**

इस बीच, 80 फीसदी से ज्यादा ट्रंप समर्थकों ने कहा कि वे निश्चित तौर पर पूर्व राष्ट्रपति को वोट देंगे। इमर्सन कॉलेज के सर्वेक्षण के कार्यकारी निदेशक स्पेंसर किमबॉल ने कहा कि रामास्वामी ने स्नातकोत्तर डिग्री वाले मतदाताओं का विश्वास जीतने में सुधार किया है।

**अगस्त में हुआ सर्वे**

बता दें, सर्वे 16-17 अगस्त तक 1000 पंजीकृत मतदाताओं के बीच आयोजित किया गया था, जिसमें 465 मतदाता भी शामिल थे। इन्होंने कहा था कि वे अपने राज्य के रिपब्लिकन प्राइमरी या कॉकस में मतदान करने की योजना बना रहे हैं।